रविवार, 29 जून 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 32 |
| आर्द्रता | 84% |
| सूर्योदयः 4:54 | सूर्यास्तः 18:25 |



मंधाना का पहला टी20 शतक, भारत ने इंग्लैंड को 97 रन से हराया -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : मन शान्त हो तो जीवन सरल हो जाता है उसे स्वीकारें।

## भारत 2029 में पहली बार विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली :** भारत पहली बार 2029 में प्रतिष्ठित विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों की मेजबानी करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत को मिली इन खेलों की मेजबानी को प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात करार दिया है। गुजरात के अहमदाबाद को इन खेलों का आयोजन होगा। वर्ष 1985 से विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल हर दो वर्ष में एक बार आयोजित किए जाते हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, भारतीय पुलिस दल ने पहली बार 2007 में एडिलेड विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों में भाग लिया था। भारतीय पुलिस दल ने 2007 में भागीदारी के बाद से खेलों के आठ संस्करणों में 1,400 से अधिक पदक जीते हैं। अब तक विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों के 20 संस्करण आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें से आठ बार अमेरिका ने, पांच बार कनाडा ने, चार बार यूरोप ने, दो बार ब्रिटेन ने और एक बार चीन ने इनकी मेजबानी की है।

## गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 62 लोगों की मौत

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी) :** गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 62 लोगों की मौत हुई है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फलस्तीनियों को गाजा में बढ़ते मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संघर्ष विराम की संभावनाएं भी धीरे-धीरे बढ़ रही हैं। दक्षिणी शहर खान यूनिस के पास मुवासी में तंबूओं के शिविर पर इजराइली हमले में तीन बच्चे और उनके माता-पिता मारे गए। रिश्तेदारों ने बताया कि उन पर हमला सोते समय हुआ। बच्चों की दादी सुआद अबू तेइमा ने सवाल किया, ‘‘इन बच्चों ने उनके साथ क्या किया? उनका क्या दोष है?’’ इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार ,इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं।

# लॉ छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म : कॉलेज का सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार, एसआईटी गठित



**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा थाना अंतर्गत साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम पिनाकी बनर्जी (55) है। आरोप है कि घटना के समय पिनाकी बनर्जी कॉलेज में ड्यूटी पर मौजूद था। इस गिरफ्तारी के साथ ही अब तक सामूहिक दुष्कर्म मामले में कुल चार लोगों को पकड़ा जा चुका है। बता दें कि सामूहिक दुष्कर्म मामले में सिक्योरिटी गार्ड की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे थे। पीड़ित छात्रा ने शिकायत में सिक्योरिटी गार्ड का जिक्र किया था। छात्रा ने कसबा थाने में दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाए कि गार्ड घटनास्थल पर मौजूद था लेकिन उसने कोई मदद नहीं की। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले गिरफ्तार मुख्य आरोपी मोनोजित मिश्रा के अलावा जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को एक जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है।

### पुलिस ने पीड़िता के साथ किया घटना का पुनर्निर्माण, कोर्ट में पीड़िता का गोपनीय बयान भी दर्ज

लॉ कॉलेज में हुई नारकीय घटना की जांच में पुलिस ने अब घटना का पुनर्निर्माण किया है। शनिवार की रात करीब 8.15 बजे कोलकाता पुलिस सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पीड़िता को घटनास्थल पर ले गये। उसके बाद दो घंटे से अधिक समय तक घटना का पुनर्निर्माण किया गया। इस दौरान, पुलिस पीड़िता से जानना चाही कि वह कहां थी और क्या हुआ था। सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ताओं ने कॉलेज में उसके प्रवेश करने से लेकर पूरी घटना की वीडियोग्राफी की। पुलिस ने वीडियोग्राफी के जरिए हर विवरण रिकॉर्ड किया। इससे पहले इस दिन, दोपहर में पीड़िता अलीपुर कोर्ट में पेश हुई। पुलिस ने वहां फिर से उसका बयान दर्ज किया। उसके बाद, शाम को कॉलेज में घटना के पुनर्निर्माण का काम किया। रात में घटनास्थल से निकलते वक्त डीसी (एसएसडी) बिदिशा कल्पिता ने कहा कि घटना का पुनर्निर्माण किया गया है। कोर्ट में पीड़िता का गोपनीय बयान भी लिया गया है।

### जांच के लिए 5 सदस्यीय टीम एसआईटी गठित, सात घंटे से अधिक की सीसीटीवी फुटेज भी जब्त

इधर, लॉ कॉलेज में छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले की एसआईटी जांच होगी। कोलकाता पुलिस ने एसीपी प्रदीप कुमार घोषाल, एसएसडी की देखरेख में 5 सदस्यीय एसआईटी का गठन कर दिया है। लॉ कॉलेज से प्राप्त सीसीटीवी कैमरे की फुटेज ने पुलिस को दी गई शिकायत की पुष्टि की है। 25 जून को दोपहर 3.30 बजे से रात 10.50 बजे तक सात घंटे से अधिक समय तक की फुटेज में कॉलेज परिसर के आसपास की हरकतें कैद हुई हैं। इसमें पीड़िता को जबरन गार्ड के कमरे में ले जाना भी शामिल है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम फिलहाल फुटेज की जांच कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने परिसर में तीन स्थानों छात्र संघ कक्ष, शौचालय और गार्ड के कमरे से भी साक्ष्य एकत्र किए हैं। जब्त की गई वस्तुओं में बाल, अज्ञात तरल पदार्थ वाली कई बोतलें और एक हॉकी स्टिक शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि तीनों कमरों में संघर्ष के स्पष्ट संकेत मिले हैं। नमूने फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार किए गए तीन संदिग्धों मनोजीत मिश्रा, प्रतिम मुखर्जी और जैब अहमद के मोबाइल फोन से 1.5 मिनट का वीडियो क्लिप भी बरामद किया। अधिकारी ने कहा कि वीडियो का फोरेंसिक विश्लेषण चल रहा है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इसे शेयर किया गया था या डिलीट किया गया था।

## बेटे ने कुछ गलत किया है तो कड़ी सजा मिलनी चाहिए : आरोपित के पिता

इस मामले में एक आरोपी के पिता ने बड़ा बयान दिया है। आरोपी के पिता ने कहा कि उनके बेटे को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। आरोपी के पिता ने कहा कि मैं भारत का नागरिक पहले हूं, पिता बाद में हूं। पुलिस अपना काम कर रही है और मुझे न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। अगर वह दोषी पाया जाता है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। कोलकाता पुलिस में मेरी पूरी आस्था है।

## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन ‘रॉ’ के नये प्रमुख नियुक्त



**नयी दिल्ली :** ’ऑपरेशन सिंदूर’ की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन को गुप्तचर एजेंसी ‘रिसर्च एंड एनालिसिस विंग’ (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब कैडर के 1989 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी जैन का दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जुलाई से शुरू होगा। वह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे रवि सिन्हा की जगह लेंगे। आदेश में कहा गया है, ‘‘मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत ‘रिसर्च एंड एनालिसिस विंग’ (रॉ) के सचिव के पद पर पराग जैन, आईपीएस की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से दो वर्ष के लिए या अगले आदेश तक रहेगा, जो भी पहले हो...।’’ अधिकारियों ने बताया कि जैन को बाहरी खुफिया एजेंसी का प्रमुख नियुक्त करने का फैसला इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लिया था। इससे पहले, जैन ‘एविएशन रिसर्च सेंटर’ के प्रमुख थे। यह हवाई निगरानी, सिग्नल्स इंटेलिजेंस (विभिन्न प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल को पकड़ना और विश्लेषण करना) कार्य, तस्वीरें लेने वाली टोही उड़ानें (सैन्य खुफिया और निगरानी उद्देश्यों के लिए तस्वीरें लेने में विमान का उपयोग करना), सीमाओं की निगरानी और इमेजरी इंटेलिजेंस (विभिन्न स्रोतों से दृश्य डेटा के संग्रह और विश्लेषण के माध्यम से खुफिया जानकारी जुटाने) से संबंधित संगठन है।

## बांग्लादेश ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

**ढाका :** बांग्लादेश ने कहा है कि वह सभी समुदायों के अधिकारों की रक्षा और पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है, लेकिन सार्वजनिक भूमि पर धार्मिक संरचनाओं का निर्माण किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय का यह बयान शुक्रवार को आया, जब एक दिन पहले ही भारत ने ढाका में एक दुर्गा मंदिर तोड़े जाने की निंदा की थी और कहा था हिंदू समुदाय और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है।

## शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा भारत के लिए नये युग की शुरुआत : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब शनिवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा नये युग की शुरुआत का प्रतीक है तथा यह भारत के गगनयान मिशन की दिशा में पहला कदम है। दोनों के बीच 18 मिनट तक चली बातचीत के अंत में प्रधानमंत्री ने ’भारत माता की जय’ का नारा लगाया, तो शुक्ला ने भी उनके साथ नारा लगाया और इस तरह अंतरिक्ष स्टेशन ’भारत माता की जय’ के नारे से गूंज उठा। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वीडियो लिंक के जरिए बातचीत में शुक्ला से कहा, ‘‘शुभांशु, आज आप भारत की धरती से सबसे दूर हैं, लेकिन हर भारतीय के दिल के सबसे करीब हैं।’’ आईएसएस 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की परिक्रमा कर रहा है। मोदी ने कहा कि शुक्ला के नाम में ‘शुभ’ शब्द है और उनकी यात्रा नये युग की शुभ शुरुआत का प्रतीक है। शुक्ला ने प्रधानमंत्री से कहा, ‘‘मेरी अंतरिक्ष यात्रा सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की भी यात्रा है।’’ उन्होंने कहा कि वह इन ‘नए अनुभवों को स्पंज की तरह’ आत्मसात कर रहे हैं। अंतरिक्ष स्टेशन पर सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण स्थितियों में अपने अनुभव साझा करते हुए अंतरिक्ष यात्री ने कहा, ‘‘यहां सब कुछ अलग है।’’ उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा, ‘‘हमने एक साल तक प्रशिक्षण लिया और विभिन्न प्रणालियों के बारे में सीखा... लेकिन यहां आने के बाद सब कुछ बदल गया... यहां छोटी-छोटी चीजें भी अलग हैं, क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण नहीं है... यहां सोना एक बड़ी चुनौती है... इस वातावरण में अभ्यस्त होने में कुछ समय लगता है।’’ अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि अंतरिक्ष स्टेशन प्रतिदिन पृथ्वी की 16 बार परिक्रमा करता है तथा उन्हें प्रतिदिन 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखने का सौभाग्य प्राप्त होता है। शुक्ला ने कहा, ‘‘फिलहाल हम 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा कर रहे हैं। यह गति दर्शाती है कि हमारा देश कितनी तेजी से प्रगति कर रहा है और अब हमें इससे भी आगे जाना होगा।’’ उन्होंने कहा, ‘‘हमें मिशन गगनयान को आगे बढ़ाना है। हमें अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाना होगा। और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर उतरे।’’ प्रधानमंत्री ने कहा, ‘‘आपके अनुभव भविष्य के सभी मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुझे विश्वास है कि आप अपने अनुभव के हर हिस्से को रिकॉर्ड कर रहे हैं।’’ शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष स्टेशन की उनकी यात्रा न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे राष्ट्र की सामूहिक उपलब्धि है।



प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से की बातचीत, आईएसएस पर ‘भारत माता की जय’ का नारा गूंजा

## साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ गाजर का हलवा, आम रस साझा किया : शुभांशु शुक्ला

### अंतरिक्ष से भव्य दिखता है भारत

**नयी दिल्ली :** शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अपने 14 दिन के प्रवास की शुरुआत करते हुए ’गाजर का हलवा’, ’मूंग दाल का हलवा’ और ’आम रस’ का लुत्फ उठाया। शुक्ला ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 18 मिनट की बातचीत में ये विवरण साझा किए। यह बातचीत 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से की गई। शुक्ला ने प्रधानमंत्री से कहा, ‘‘हां, मैं गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस लेकर आया हूं। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए सभी लोग स्वादिष्ट भारतीय व्यंजनों का आनंद लें। हम सभी ने इसे एक साथ खाया और सभी को यह पसंद आया।’’ हमने पहली बार भारत को देखा, तो वह नक्शे पर दिखने से कहीं अधिक विशाल और भव्य प्रतीत हुआ। उन्होंने कहा, जब हम पृथ्वी को बाहर से देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि न कोई सीमा है, न कोई राज्य और न ही कोई देश। हम सभी मानवता का हिस्सा हैं। पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और हम सभी इसी में रहते हैं।

## बिहार ने रचा इतिहास : भारत में पहली बार निकाय चुनाव में मोबाइल से ‘ई-वोटिंग’ की सुविधा दी गई




**पटना :** बिहार शनिवार को स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान मोबाइल फोन आधारित ई-वोटिंग व्यवस्था लागू करने वाला पहला राज्य बन गया। राज्य चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य चुनाव आयुक्त दीपक प्रसाद ने बताया कि ई-वोटिंग की अर्हता रखने वाले 70.20 प्रतिशत मतदाताओं ने इस नयी व्यवस्था का इस्तेमाल किया जबकि 54.63 प्रतिशत ने मतदान केन्द्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में बताया, ‘‘ बिहार ने आज इतिहास रच दिया है। पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल की निवासी बिभा कुमारी स्थानीय निकाय चुनाव के दौरान मोबाइल फोन के जरिए वोट डालने वाली देश की पहली व्यक्ति बन गईं।’’ उसने कहा, ‘‘यह सुविधा, सुरक्षा और सशक्त भागीदारी का प्रतीक है।’’ प्रसाद ने बताया कि छह नगर पंचायतों और नगरपालिका उपचुनावों में कुल 62.41 प्रतिशत मतदान हुआ।

## भारत ने बांग्लादेश से जूट और संबंधित फाइबर उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाया

**नयी दिल्ली :** भारत ने बांग्लादेश से जूट और संबंधित फाइबर उत्पादों के आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम दोनों पड़ोसियों के बीच समग्र संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नए प्रतिबंध महाराष्ट्र में न्हावा शेवा बंदरगाह को छोड़कर अन्य सभी जमीनी मार्ग और बंदरगाहों के माध्यम से बांग्लादेश के जूट और संबद्ध फाइबर उत्पादों के भारत में आयात पर लागू होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी कर प्रतिबंध लगा दिए। साफ्टा (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र) के प्रावधानों के तहत, बांग्लादेश से जूट को भारत में शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त है। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारतीय जूट उद्योग को बांग्लादेश से जूट उत्पादों, विशेष रूप से धागा, फाइबर और बैग के डंप किए गए और सब्सिडी वाले आयात के प्रतिकूल प्रभाव के कारण लंबे समय से नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों ने कहा कि इस बात के विश्वसनीय सबूत हैं कि बांग्लादेशी जूट निर्यात को बांग्लादेश सरकार द्वारा दी जाने वाली राज्य सब्सिडी से लाभ मिल रहा है। सूत्रों ने बताया कि इन चिंताओं के जवाब में, डंपिंग-रोधी और संबद्ध शुल्क महानिदेशालय (डीजीएडी) ने विस्तृत जांच की और जूट तथा बांग्लादेश से आने वाले सामानों पर डंपिंग-रोधी शुल्क (एडीडी) लगाया।

## केंद्र सोमवार को राज्य, केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक करेगा

**नयी दिल्ली :** केंद्र देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने पर चर्चा के लिए 30 जून को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक करेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह यहां भारत मंडपम में ’मंथन बैठक’ की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में सरकार की सभी प्रमुख पहलों पर चर्चा होगी, जिसमें अंतिम छोर तक ग्रामीण सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए दो लाख नई बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस), डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियों की स्थापना शामिल है। इसके अलावा सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना पर विचार-विमर्श भी होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक प्रगति की समीक्षा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और देश में सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। इस आयोजन का मकसद आपसी तालमेल के जरिये प्रधानमंत्री के ’सहकार से समृद्धि’ के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एक साझा समझ को बढ़ावा देना है। तीन नई राष्ट्रीय बहु-राज्य सहकारी समितियों, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल), राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड (एनसीओएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) की गतिविधियों में राज्यों की भूमिका की भी समीक्षा की जाएगी।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 जून, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष चतुर्थी, 09:18 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 06:32 तक, योग : वज्र, 17:58 तक, सूर्योदय: 4:54, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 08:34, चन्द्रास्त: 21:44, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 16:40 से 18:21

## साप्ताहिक : राशिफल
## 29-06-25 से 05-07-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। भाग-दौड़ एवं खर्च की अधिकता हो सकती है। प्रेम संबंधो में भी प्रगाढ़ता आ सकती है। कभी-कभी अविश्वास बढ़ने के कारण जातक तनाव महसूस कर सकता है। घर-परिवार के कार्यों में भी थोड़ी चुनौतियाँ बनी रह सकती है। आपसी मत-भेद के कारण जातक तनाव का सामना कर सकता है। अवश्यकता से अधिकत खर्च न करे स्थितियाँ चुनौतीपूर्ण हो सकती है। अभी स्थितियाँ अनुकूल नही है इसलिए बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने से बचे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय अनुकूल रहेगा। भाग-दौड़ का सार्थक परिणाम मिल सकता है। घरेलू सुख-सुविधा बढ़ सकती है। प्रेम संबंधो में प्रगाढ़ता आ सकती है। नये वस्त्र एवं आभुषण खरीदने का योग बन सकता है। घूमने-फिरने का अवसर भी जातक को मिल सकता है। घर में कोई मांगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने का अच्छा समय है बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है। इस्ट मित्रों का सहयोग मिल सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। कार्यो के प्रति जातक ज्यादा परिश्रम कर सकता है लेकिन परिश्रम का फल उतना न मिलने से जातक तनाव महसूस कर सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी जातक पर दबाव बना सकते है इसलिए सावधानी बनाये रखे। अनावश्यक प्रकार के कार्यों से बचे नही तो हानि का सामना जातक को करना पर सकता है। जातक यदि राजनीति में होगा तो उसकी लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। इस सप्ताह अनावश्यक प्रकार की बातों से बचे किसी कहने में न आयें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। अनावश्यक तर्क-वितर्क से बचे नही तो लड़ाई-झगड़े का योग बन सकता है यद्यपि किसी भी तरह के कानूनी मामलों मे सावधानी बनाये रखे नही तो जातक उलझ सकता है जिसके कारण जातक दबाव में आ सकता है। इस सप्ताह स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे। सर्दी-जुकाम के साथ-साथ मानसिक उलझनों का सामना भी जातक को करना पड़ सकता है। छात्रों के लिए भी समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक खूब परिश्रम कर सकता है। अपने परिश्रम से स्थितियों को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है। आर्थिक स्थितियाँ भी अनुकूल रहेंगी। आय के साधनों में वृद्धि हो सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है प्रमोशन या किसी बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल है कोई बड़ी विजय मिलने से जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक अपनी सूझ-बूझ से कई महत्वपूर्ण कार्यों का विस्तार देने में सफल हो सकता है। अपनी बात-चीत की कला एवं सूझ-बूझ से कई महत्वपूर्ण कार्यों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। घर-परिवार के कार्यों को पटरी पर लाने में जातक को सफलता मिल सकती है। घर में महत्वपूर्ण कार्य बनने से परिवारिक मेल-जोल बढ़ सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है। आयात-निर्यात एवं शेयर मार्केट मे पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। घर में मांगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। एक-दूसरे का विश्वास जीतने में जातक सफल हो सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है। व्यापार या शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है। घूमने-फिरने का अवसर जातक को मिल सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा थोड़ी बहुत परेशानियां आ सकती है लेकिन जातक अपनी कर्मठता और सूझ-बूझ से स्थिति को अनुकूल करने और पटरी पर लाने में जातक सफल हो सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए समय अनुकूल है किसी बड़े पद पर पहुँचने का योग बन सकता है। चल-अचल संपत्ति बढ़ाने का योग बन सकता है। कोई महत्वपूर्ण जामीन खरीदने का योग बन सकता है लेकिन थोड़ी बहुत चुनौतियाँ भी बनी रह सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। जातक अपनी सूझ-बूझ से कई अधूरे कार्यों को पूरा करने में सफल हो सकता है। निरंतर सक्रियता और सूझ-बूझ से कई रूके कार्य बन सकते है। जिससे जातक राहत महसूस कर सकता है। इस सप्ताह व्यापार आदि की दृष्टि से सप्ताह लगभग अनुकूल है जातक यदि सूझ-बूझ से पूंजी निवेश करेगा तो कई महत्वपूर्ण कार्यों को पटरी पर लाने में जातक को सफलता मिल सकती है। घर-परिवार की जिम्मेदारियाँ को अनुकूल बनाने और उसे पटरी पर लाने में जातक को सफलता मिल सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा थोड़ी बहुत चुनौतियां रह सकती हैं लेकिन जातक अपनी बाच-चीत की कला से हर चुनौतियों को पटरी पर लाने और उसे अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है। किसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने का योग बन सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने पर बढ़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी थोड़ा सक्रिय हो सकते है जो जातक के लिए चुनौतियां खड़ी कर सकते हैं। इस सप्ताह किसी भी तरह के जोखिम से बचे नही तो बड़ी परेशानी का सामना जातक को करना पड़ सकता है। वाहन आदि भी सावधानिपूर्वक चलाये नही तो चोट-चपेट लगने का योग बन सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धियों से सावधान रहे नही तो वे जातक को किसी बड़ी परेशानी में उलझा सकते है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा जहाँ कार्यों में कभी-कभी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वही कभी-कभी जातक अपनी सूझ-बूझ से कार्यों को गति देने में सफल हो सकता है। इस सप्ताह थोड़ा स्वास्थ्य पर ध्यान बनाये रखे। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का भी योग बन सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला रहेगा इसलिए सोच-समझकर पूंजी निवेश करे, यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो शनिवार को पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक जलाने से राहत मिल सकती है।

# हर समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई, जरूरतमंदों को मिलेगा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों को भरोसा देते हुए कहा कि हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई होगी और जरूरतमंदों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान एक महिला ने अपनी नन्ही बिटिया के इलाज में मदद और आवास की व्यवस्था करने की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि बच्ची का अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश भी दिया। जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। बयान में कहा गया कि जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की।

### राष्ट्रपति मुर्मू का भव्य स्वागत करेगा गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यहां गोरखपुर में भव्य स्वागत किया जाएगा। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार दो दिवसीय दौरे पर आ रहीं राष्ट्रपति मुर्मू 30 जून को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद अगले दिन एक जुलाई को मुर्मू भटहट के पिपरी में बने राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण और सोनबरसा बालापार में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अकादमिक भवन, सभागार, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण और छात्रावास का शिलान्यास करेंगी।

# 'इंडिया' गठबंधन को बिहार में हार का डर सता रहा है

### मतदाता सूची में संशोधन के विरोध पर राजग ने कहा

**पटना :** बिहार में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की कवायद इस साल के अंत में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में भाजपा की मदद के लिए किए जाने का आरोप लगाने के एक दिन बाद शनिवार को राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों ने दावा किया कि महागठबंधन को ''चुनाव में हार का डर सता रहा है''। बिहार में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण के प्रस्ताव का शुक्रवार को कड़ा विरोध किया था। केंद्रीय मंत्रियों चिराग पासवान और जीतन राम मांझी ने यहां पत्रकारों से अलग-अलग बातचीत में दावा किया कि राजद-कांग्रेस-वाम गठबंधन चुनावों में खराब प्रदर्शन के लिए कोई न कोई ''बहाना'' ढूंढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख पासवान ने कहा, ''जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में प्रावधान है कि समय-समय पर मतदाता सूचियों में संशोधन किया जाना चाहिए। इसका उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना और मतदाता सूचियों में मृत लोगों के नाम बरकरार रखने और मौजूदा लोगों के नाम गायब होने जैसी विसंगतियों को दूर करना है।'' हाजीपुर के सांसद ने कहा, ''जो लोग इस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं, वे अपनी सामने खड़ी हार से डरे हुए हैं। उन्होंने पहले भी अपनी हार का ठीकरा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फोड़ने की कोशिश की है। इस बार वे नया बहाना लेकर आ रहे हैं।'' 'इंडिया' गठबंधन ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि केंद्र में सत्तारूढ़ और राज्य में सत्ता साझा करने वाली भाजपा ने निर्वाचन आयोग पर यह कवायद करने के लिए दबाव डाला था, जिससे ''उन लोगों के नाम हटाए जा सकते हैं, जिनके राजग को वोट देने की संभावना नहीं है।''

### राजस्थान के बूंदी में तालाब में डूबने से दो लोगों की मौत

**कोटा (राजस्थान) :** राजस्थान के बूंदी जिले में अलग-अलग घटनाओं में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई और एक किशोर लापता हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। पहली घटना में शुक्रवार को बूंदी जिले के बरधा बांध के ऊपर एक पुलिया पार करते समय बारां जिले के अटरू थाना क्षेत्र के कुंजेड गांव के निवासी मोहित यदुवंशी (19), लक्ष्य मालव (22) और उसका भाई पानी के तेज बहाव में बह गए। तालेड़ा पुलिस थाने के क्षेत्र अधिकारी अजीत बागडोलिया ने बताया कि लक्ष्य मालव और उसका भाई तैरकर सुरक्षित निकल आए, जबकि यदुवंशी तेज बहाव में बह गया। लापता किशोर का अभी तक पता नहीं चल पाया है। दूसरी घटना में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के कर्मचारी रामचंद्र पासवान (43) और शंकर माली शुक्रवार शाम बूंदी सदर पुलिस थाने के अंतर्गत कंजरी सेलोर में एक तालाब में डूब गए। बूंदी सदर थाने के क्षेत्र अधिकारी रमेश आर्य ने बताया कि रामचंद्र गलती से उफनते तालाब में गिर गया। उसे बचाने के लिए शंकर भी तालाब में कूद गया।

### बलिया में सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत, एक अन्य घायल

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में शनिवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बैरिया के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि बलिया-बैरिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर गायघाट डाक बंगले के पास शनिवार को मझौवां की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल से जा रहे तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिसमें तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गोपाल उर्फ सुकर राजभर (30) और अशोक राजभर (45) को मृत घोषित कर दिया। सीओ ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कार्य जुलाई के अंत तक पूरा होने की संभावना : नृपेंद्र मिश्र



**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शनिवार को बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य अपने अंतिम चरण में है और निर्माण से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों के जुलाई के अंत तक पूरा होने की संभावना है। मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लेने शनिवार को अयोध्या पहुंचे मिश्र ने संवाददाताओं को बताया कि मंदिर और उसके परकोटे के लिए 14 लाख घन फुट बंसी पहाड़पुर पत्थर की जरूरत थी, जिसमें से 13 लाख घन फुट पत्थर लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब केवल एक लाख घन फुट पत्थर ही लगने शेष हैं। मिश्र ने कहा कि मंदिर के लगभग 800 फुट लंबे निचले चबूतरे के 500 फुट हिस्से पर राम कथा को दर्शाने वाले भित्ति चित्र तैयार हो चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि आस-पास के घेरे में प्रस्तावित 80 में से 45 कांस्य भित्ति चित्र स्थापित किये जा चुके हैं।

# संभल में अतिक्रमण के घेरे में आई दुकानों को लोगों ने स्वत: ध्वस्त करना शुरू किया



**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बहजोई मार्ग पर स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क पर अतिक्रमण कर बनाई गईं 22 दुकानों-भवनों को प्रशासन का नोटिस मिलने के बाद इसके मालिकों ने स्वत: ही उन्हें ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। अतिक्रमण हटाने वाले लोगों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक जिला मंत्री भी शामिल हैं। संभल तहसील के हयात नगर-बहजोई मार्ग पर स्थित पीडब्ल्यूडी की सड़क पर अवैध रूप से बनी 22 दुकानों और भवनों को नोटिस जारी कर प्रशासन ने ध्वस्त करने के निर्देश दिए थे। प्रशासन के आदेश के बाद यहां कई लोगों ने अपनी दुकानों और भवनों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। भाजपा के जिला मंत्री जय प्रकाश गुप्ता ने भी मजदूरों को लगाकर 70 साल पुरानी अपनी पांच दुकानों पर हथौड़ा चलाकर उसे ध्वस्त किया है। गुप्ता ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार की तरफ से नोटिस मिला, जिसका पालन करते हुए अपनी 70 साल पुरानी पैतृक दुकानों को मजदूर लगाकर तोड़ा है। उन्होंने कहा कि दुकानों को नौ फुट तक तोड़ने के आदेश थे, जिसे स्वेच्छा से साढ़े नौ फुट तोड़ कर सरकार के आदेश का पालन किया है।

# राजस्थान के दौसा में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत



**जयपुर :** राजस्थान के दौसा जिले में एक कार और ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से एक लड़की समेत परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात ट्रक अचानक राजमार्ग पर रुका और उसके पीछे चल रही एक कार उससे टकरा गई। कार का नंबर हरियाणा में पंजीकृत है। पुलिस ने कहा, ''चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। शवों को जिला अस्प-ताल के शवगृह में रखवा दिया गया है।'' पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान राजबाला (60), प्रमिला (40), उनके बेटे दीपांशु (20) और बेटी साक्षी (16) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक कार में सवार लोग हरियाणा के रोहतक से दौसा के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जा रहे थे। वे शुक्रवार सुबह रोहतक स्थित अपने घर से निकले थे। उनके परिवार के बाकी सदस्य दो अन्य कारों में सवार होकर आगे बढ़ रहे थे। पुलिस ने बताया कि कार दीपांशु चला रहा था।

# सात साल की बच्ची के साथ किशोर ने किया दुष्कर्म

**बुलंदशहर (उप्र) :** बुलंदशहर में सात साल की बच्ची से 14 साल के किशोर ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक हापुड़ जिले का एक व्यक्ति पिछले कुछ वर्षो से थाना अरनिया क्षेत्र के एक गांव में अपनी सुसराल में रह रहा था। उसकी सात साल की बेटी 17 जून की शाम पास में पानी लेने के लिए गई थी। पुलिस ने बताया कि इस दौरान गांव के ही रहने वाले 14 साल के किशोर ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची ने घर पहुंचकर घरवालों को घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बच्ची के पिता ने आरोपी के पिता को घटना की जानकारी दी जिसपर आरोपी के पिता ने बच्ची के पिता के साथ फोन पर अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी। खुर्जा पुलिस क्षेत्राधिकारी पूर्णिमा सिंह ने बताया किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी पिता की तलाश की जा रही है।

# वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भारत अब प्रमुख साझेदार: मुख्यमंत्री सैनी



**गुरुग्राम :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कहा कि भारत अब दुनिया से मदद मांगने वाला देश नहीं रहा, बल्कि वह वैश्विक चुनौतियों के समाधान में प्रमुख साझेदार बन गया है। उन्होंने गुरुग्राम में आयोजित युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब रक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सेमीकंडक्टर मिशन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक सैनी ने कहा कि युवा संसद लोकतंत्र का उत्सव और नीति-निर्माण के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला है। सैनी ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय में देश में आ-पातकाल के 50 साल पूरे होने के अवसर पर शनिवार को आयोजित महिला संसद को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों के समान अत्याचार सहे और उस दौर का बहादुरी से सामना किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के रक्षक के रूप में महिलाओं के योगदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने महिला संसद की कार्यवाही का अवलोकन किया और आपातकाल के दौरान महिलाओं के साहस और बलिदान को नमन किया। उन्होंने लोकतंत्र सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर भारद्वाज, एसबी गुप्ता और श्रीचंद गुप्ता सहित कई लोकतंत्र सेनानियों को तत्कालीन सरकार की कार्रवाइयों के खिलाफ खड़े होने में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित भी किया। सैनी ने कहा कि आपातकाल राजनीतिक अस्थिरता या प्राकृतिक आपदा की अनुपस्थिति के बावजूद लगाया गया था। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर ''स्वार्थ और संकीर्ण मानसिकता'' के कारण इसे लागू करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''आपातकाल ने न केवल राजनीतिक अधिकारों का उल्लंघन किया, बल्कि महिलाओं की स्वतंत्रता, सम्मान और अधिकारों पर भी क्रूर हमला किया। कई महिलाओं को जेल में बंद कर दिया गया, उनकी आवाज़ दबा दी गई और उन्हें सिर्फ़ इसलिए घरों में कैद कर दिया गया, क्योंकि उन्होंने सरकारी अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई थी।

### बिहार में महिला ने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या की

**औरंगाबाद (बिहार) :** बिहार के औरंगाबाद जिले में एक महिला को अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या की साजिश रचने और उसे अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बांदेया थाने के अंतर्गत अमौना गांव के एक खेत से महिला के पति बिक्कू का शव बरामद होने के बाद 25 जून को पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया था। दाऊदनगर (औरंगाबाद) के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कुमार ऋषिराज ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''21 जून को बरामद शव पर चोट के बहुत सारे निशान थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

## वर्ग पहेली नं. 3137

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | 24 | ■ | ■ | |
| 25 | | ■ | 26 | 27 | ■ | 28 | | 29 | |
| | ■ | 30 | | | | | ■ | | ■ |

*बायें से दायें:-* 1) अश्लील, 4) निश्चयपूर्वक, 7) भुना हुआ चावल, 9) बोली; घोषविक्रय, 10) शिक्षा, 11) जबरदस्त, 13) छोर; तीर, 14) भेदभावहीनता, 16) नटखट, 18) घड़ा, 19) पुत्र, 20) अभिव्यक्ति इच्छा; तीव्रोन्माद, 22) दशकंठ, 23) नस, 25) रास्ता, 26) वकीलों का समूह; मद्यकक्ष, 28) अनुमानित, 30) काल्पनिक.

*ऊपर से नीचे:-* 1) दुश्मनी, 2) असंभव, 3) हाथ का पंजा, 4) बोतल, 5) अर्थात, 6) निकटता, 8) दरबारी सलाम, 12) गधा, 15) ढोल, 17) हिटलर, 18) हाथी, 19) हठ; प्रतिष्ठा; वैभव, 21) सावधान, 22) लंबा; ख़ाना, 24) ठीक नहीं, 27) रक्तवाहिनी, 29) विराट.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | क़ | द | मा | ■ | आ | रं | भ | ■ | म |
| ■ | ■ | म | ल | म | ल | ■ | ला | ग | त |
| अ | मु | क | ■ | का | य | र | ■ | दा | दा |
| र्भ | ■ | ■ | म | न | ■ | ह | ल्ला | ■ | ता |
| क | रा | मा | त | ■ | नी | म | ■ | नं | ■ |
| ■ | के | ■ | ल | हू | ■ | त | ब | दी | ल |
| ■ | श | रा | बी | ■ | चा | ■ | द | ■ | श |
| हा | ■ | स्त्री | ■ | ह | ट | क | ना | ■ | क |
| नि | हा | य | त | ■ | ना | ■ | म | यू | र |

## सुडोकू-पहेली-3094

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 3 | | 8 | 4 | | |
| | 3 | | 5 | | | | 6 | |
| | | | | | 2 | | 3 | |
| | | | 7 | | | 6 | 2 | 9 |
| 1 | | | | | | | 5 | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| | | 2 | | 9 | 5 | | | |
| | 5 | 4 | | | | | | 1 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3093 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 1 | 7 | 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 4 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 8 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 9 | 8 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 |

# आरोपियों के तृणमूल से संबंध, ममता इस्तीफा दें : संबित पात्रा

❑ भाजपा ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को बताया 'राज्य प्रायोजित'

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा ने कोलकाता के लॉ कॉलेज की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के सभी आरोपियों के तृणमूल कांग्रेस से जुड़े होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस घटना पर माफी मांगनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह एक तरह से राज्य प्रायोजित क्रूरता और राजनीति से प्रेरित जघन्य अपराध है। उन्होंने पीड़िता के बयान के उन हिस्सों को पढ़कर सुनाया जिनमें अपराध




का पूरा ब्योरा है तथा उसे एवं उसके परिवार को आरोपियों द्वारा दी गयी धमकी का भी उल्लेख है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने चार सदस्यीय समिति गठित की है जो मामले की जांच करने के लिए राज्य का दौरा करेगी और अपना निष्कर्ष पेश करेगी।

पात्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जो कुछ हुआ है उससे पूरा देश दुख एवं सदमे में है और इतना ही नहीं, वहां हाल में महिलाओं के खिलाफ कई नृशंस अपराध हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में महिलाओं के प्रति अधिक संवेदनशीलता की उम्मीद थी, लेकिन इसके बजाय बहुत अधिक असंवेदनशीलता है। पात्रा ने मांग की कि मुख्यमंत्री को माफी मांगनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए। आरोपियों से संबंध नहीं होने के तृणमूल कांग्रेस के दावे को खारिज करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा तृणमूल के छात्र संघ में पदाधिकारी था जबकि दूसरा आरोपी भी (छात्र) संघ का सदस्य था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि महाविद्यालय के गार्ड रूम में जो कुछ हुआ, वह बिल्कुल किसी डरावनी फिल्म जैसा था, जिसमें राक्षस महिलाओं पर अत्याचार करता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के इन गुंडों ने प्रथम वर्ष की छात्रा (24) के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया। उस पर मुख्य आरोपी के विवाह प्रस्ताव को ठुकराने पर कथित रूप से हमला किया गया। पात्रा ने तृणमूल कांग्रेस के साथ उसके (मिश्रा के) संबंधों के पक्ष में कई तृणमूल नेताओं के साथ मिश्रा की तस्वीरें दिखाईं। भाजपा प्रवक्ता ने गृह विभाग का भी कामकाज संभाल रहीं मुख्यमंत्री पर महिलाओं के खिलाफ इस तरह के जघन्य अपराधों को 'हल्के ढंग से' लेने का आरोप लगाया।

### भाजपा प्रवक्ता ने कल्याण बनर्जी पर किया पलटवार

पात्रा ने कहा कि तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि अगर कोई सहपाठी किसी अन्य छात्रा से दुष्कर्म करता है या महाविद्यालय के अंदर ऐसा होता है तो पुलिस ऐसे अपराधों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं ने अतीत में इसी तरह की घटनाओं पर अक्सर 'क्रूर टिप्पणियां' की हैं। भाजपा नेता ने कहा कि यह किस तरह की मानसिकता है? ऐसा लगता है कि ममता बनर्जी सरकार की कोई जवाबदेही नहीं है।

## 'अगर लड़की वहां नहीं गई होती, तो यह घटना नहीं होती', सामूहिक दुष्कर्म मामले मदन मित्रा का बयान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के लॉ कॉलेज की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले पर तृणमूल नेता मदन मित्रा ने एक गैरजिम्मेदाराना बयान दिया है। शनिवार को मदन मित्रा ने कहा कि 'कस्बा में हुई घटना ने सभी लड़कियों और सभी छात्राओं को एक संदेश दिया है। अगर कोई आपका परिचित आपसे कहे कि कॉलेज बंद होने और परीक्षा के दौरान वह आपकी यूनिट प्रोजेक्ट में मदद करेगा, तो मत जाइए। यह आपके लिए अच्छा नहीं होगा। अगर वह लड़की नहीं जाती, तो उसके साथ कुछ गलत नहीं होता। अगर उसने किसी को बताया होता या अपने दो-चार दोस्तों को साथ ले लिया होता, तो यह सब टाला जा सकता था।

## कसबा सामूहिक दुष्कर्म : वकीलों ने मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र, सीबीआई जांच की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा थाना अंतर्गत स्थित साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कई वकीलों ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर घटना की उचित जांच की मांग की है। वकीलों ने पूर्व न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की है। साथ ही, उन्होंने घटना में शामिल पुलिस अधिकारियों को भी तलब कर उनकी भूमिका की जांच के लिए रिपोर्ट सौंपने का अनुरोध किया है। पत्र में, कहा गया है कि इस घटना में पुलिस की जांच प्रक्रिया पर पहले ही सवाल उठ चुके हैं। माना जा रहा है कि आरोपियों के स्थानीय प्रभावशाली लोगों से संबंध हैं। इसलिए उचित जांच और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए इस मामले को सीबीआई को सौंपना जरूरी है। शनिवार को हाई कोर्ट में पत्र सौंपा गया। वकील मुख्य न्यायाधीश के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में मामला हाई कोर्ट के संज्ञान में आएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ममता सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं, राष्ट्रपति शासन लगाने की जरुरत : शुभेंदु अधिकारी

❑ भाजपा नेता ने कहा... 'पूरी तृणमूल कांग्रेस पार्टी दुष्कर्मियों, भ्रष्ट और राष्ट्र-विरोधी लोगों की है'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के सरकारी लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर घेरा। शुभेंदु ने कहा कि महिला मुख्यमंत्री के शासन



में बंगाल में महिलाएं व लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं और उन्होंने राष्ट्रपति शासन लागू करने और सेना व केंद्रीय बलों को तैनात करने की मांग की। भाजपा विधायक ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राष्ट्रपति शासन या अनुच्छेद 355 लागू किया जाना चाहिए और सेना व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाना चाहिए। जब तक आप ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर नहीं करेंगे, तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेगी। पूरी तृणमूल कांग्रेस पार्टी दुष्कर्मियों, भ्रष्ट और राष्ट्र-विरोधी लोगों की है। शुभेंदु ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं पिछले 14 सालों से हो रहा है। बंगाल के लोगों को आगे आना चाहिए। चुनाव आयोग को भी चुनावों के दौरान होने वाली धोखाधड़ी, गुंडागर्दी और हिंदुओं को वोट देने से रोकने पर काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया भाजपा को राज्य की सत्ता में आने के लिए राष्ट्रपति शासन की आवश्यकता नहीं है। चुनाव आयोग को कठोर कदम उठाना चाहिए। वही ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक आप ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर नहीं करेंगे, तब तक ऐसा होता रहेगा।

## राष्ट्रीय महिला आयोग ने कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दक्षिण कोलकाता में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में तत्काल कार्रवाई करने और आयोग के सदस्य और पीड़िता एवं उसके परिवार के बीच बैठक के लिए राज्य पुलिस से सहयोग मांगा है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने इस घटना को 'गंभीर' बताया और कहा कि इसने 'लोगों की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। बता दें कि आयोग ने शुक्रवार को मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। आयोग ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने पर जोर दिया है। मुख्य सचिव को लिखे पत्र में रहाटकर ने निर्देश दिया कि राज्य पुलिस को एनसीडब्ल्यू सदस्य अर्चना मजूमदार के साथ पूरा सहयोग करना चाहिए, जिन्हें पीड़िता और उसके परिवार से मिलने के लिए नियुक्त किया गया है। आयोग ने पीड़िता की तत्काल और गोपनीय आंतरिक चिकित्सा जांच की भी मांग की है और कहा है कि आंतरिक और बाह्य दोनों चिकित्सा रिपोर्ट तीन दिन में एनसीडब्ल्यू को सौंपी जाएं। इसके अलावा, आयोग ने राज्य सरकार से पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## कसबा सामूहिक दुष्कर्म : शिक्षा मंत्री ने कॉलेज की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जीबी बैठक का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने कसबा के सरकारी लॉ कॉलेज में छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले पर खुलकर बात की है। उन्होंने पूरी घटना पर दुख जताते हुए कॉलेज की आम सभा की बैठक बुलाने का आदेश दिया है। उन्होंने जरूरी सुरक्षा उपायों के मुद्दे पर भी विचार करने का आश्वासन दिया है। शिक्षा मंत्री के मुताबिक, हम दुर्भाग्यपूर्ण घटना से स्तब्ध हैं। मैंने कॉलेज के उप प्राचार्य से आम सभा की बैठक बुलाने को कहा है। अगर सुरक्षा को लेकर कोई



लापरवाही हुई है, तो उस पर गौर किया जाएगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। न्याय सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

# लॉ कॉलेज की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन



❑ गरियाहाट में रैली रोकने पर पुलिस से भिड़े भाजपा समर्थक-कार्यकर्ता

❑ प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार समेत 59 नेताओं-कार्यकर्ताओं को लिया गया हिरासत में

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस ने मंगलवार को कथित सामूहिक दुष्कर्म की शिकार विधि छात्रा के महाविद्यालय की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे भाजपा प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करने वाले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार एवं अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया। भाजपा की इस रैली को 'साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' की ओर बढ़ने से रोक दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रैली को दक्षिण कोलकाता के गरियाहाट क्रॉसिंग पर रोक दिया गया तथा सुकांत मजूमदार एवं कई अन्य भाजपा नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। उन्हें लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय ले जाया गया। इस दौरान, सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि बंगाल में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है और वे बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम यहां महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों का विरोध करने आए थे। पुलिस ने हमें रैली करने की अनुमति नहीं दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सामूहिक बलात्कार की घटना की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री न केवल मुख्यमंत्री हैं, बल्कि हमारी पुलिस मंत्री भी हैं। पुलिसकर्मी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की तरह काम करते हैं। वे हमें विरोध रैली करने से रोक रहे हैं। ममता नहीं चाहतीं कि सुकांत मजूमदार यहां कोई रैली करें।

### नेताओं के रिहाई के लिए प्रदर्शन कर रहे तीन भाजपा पार्षद गिरफ्तार



दूसरी तरफ, देर शाम तक गिरफ्तार भाजपा अध्यक्ष समेत पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं को रिहा नहीं किए जाने पर पार्टी के तीन पार्षद सजल घोष, विजय ओझा और मीना देवी पुरोहित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार के सामने धरने पर बैठ गए और नारे लगाने लगे। हालांकि, प्रदर्शन के बीच पुलिस ने उन्हें काफी समझाया एवं माइकिंग कर उन्हें उक्त स्थान पर निषेधाज्ञा लागू होने के कारण हटने का अनुरोध किया। लेकिन, प्रदर्शनकारी अपने प्रदर्शन पर अड़े रहे और रात करीब 11 बजे पुलिस ने तीनो पार्षदों को गिरफ्तार कर लिया और मोचीपाड़ा ताना ले गयी।

वसुधैव कुटुम्बकम
सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) • सीकर जिला वेलफेयर ट्रस्ट
सीकर भवन, 1ए, आशुतोष दे लेन, कोलकाता - 6, दूरभाष : 033 4006 4713, 2257 3521
सुरँगो राजस्थान 4.0
सावन तीज प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी
सिणगार - रानी संयुक्ता पुरस्कार, गीत व सामूहिक नृत्य - मीरा बाई पुरस्कार, राजस्थानी युगल जोड़ी पुरस्कार
सेफायर बैंक्वेट हॉल, रेक्वा, ई.एम.बाई पास,
3ए, राम मोहन मल्लिक, गार्डेन लेन, कोलकाता-700010
रविवार, 6 जुलाई 2025, सायं 4.00 बजे से
प्रदर्शनी दोपहर २ बजे से
विशेष आकर्षण : मारवाड़ी रील कॉम्पिटिशन
Registration Link : https://tinyurl.com/SNPSR40 प्रतियोगिता हेतु सम्पर्क सूत्र : 98309 89967 / 93312 88977 / 98312 13266

निर्णायकगण
सिणगार: श्रीमती नैना मोर, सेलिब्रिटी मोटिवेशनल स्पीकर; डॉ रितिका सीकरिया, डरमाटोलॉजिस्ट
नृत्य: श्रीमती शिल्पी चौधरी, नृत्यांगना, शिल्पांगन; श्रीमती दिव्या केडिया, मिसेस बंगाल 2021 (क्लासिक)
गीत: श्रीमती उमा बागड़ी, राजस्थानी गायिका; श्रीमती सरोज पचीसिया, राजस्थानी गायिका

अतिथिगण
उद्घाटनकर्ता : पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल, चेयरमैन, रूपा एण्ड कं.
द्वीप प्रज्वलन : श्रीमती शशी पाँजा, विधायक, महिला एवं बालकल्याण मंत्री
विशेष आमंत्रण
श्रीमती ममता बिन्नानी, एडवोकेट
श्रीमती रिचा शर्मा, फिल्म अभिनेत्री
श्री गौतम शर्मा, मारवाड़ी कंटेंट क्रिएटर, Funnygoat

प्रदर्शनी दोपहर 2 बजे से
चंचल सोमानी - Bagwati
रेनू केशान - Mayuram
मोनिका गोयल - Little Things
शीतल अग्रवाल - Sugary Treats
उमा सराफ - SRD'S Flying Kitchen
पायल सरावगी - Wedding Bells
शिखा सरिया - Graphologist
प्रिया शर्मा - Rainbow Arts
सुमन सराफ - Koala Crafts
प्रीति बाहेती - The Jewels

घनश्यामप्रसाद सोभासरिया, अध्यक्ष ऐमिरेट्स • अरविन्द बियानी, अध्यक्ष • रवि शंकर सीकरिया, सचिव • सुनीता लोहिया, रश्मि सराफ, किरण सोढ़ानी, संयोजिका,
टीना सिंघी, रेखा चौधरी, विभा सीकरिया, ललिता सारड़ा, सुमन सीकरिया, प्रीति बियानी, चंचल अग्रवाल, सह संयोजिका

विशेष सहयोगी: RUPA रूपा फाउण्डेशन, कोलकाता; SastaSundar app health & happiness; SkyKing; MANDAKINI
Media Partner सन्मार्ग खबरें अनेक सच्चाई एक sanmarg.in
नवीन दुगड़ - संगीता कडेल, मंच संचालक
अमित मण्डल - अनुस्मिता भट्टाचार्या, कार्यशालासंचालक
प्रवेश कार्ड द्वारा
कार्ड सीकर भवन पर उपलब्ध
कार्ड हेतु सम्पर्क करें फोन:033 4006 4713

# भारतीय रेलवे में नई कड़ी: पुरुलिया-हावड़ा मेमू सेवा जनता को समर्पित

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पुरुलिया से हावड़ा के लिए नई मेमू सेवा (ट्रेन संख्या 08121) का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता ने नए भारतीय रेलवे की नींव रखी है और रेलवे परिवार के 12 लाख से अधिक सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण से इसे साकार करने में जुटे हैं। श्री वैष्णव ने सांतरागाछी रेलवे स्टेशन का दौरा कर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया और स्टेशन को विश्वस्तरीय ट्रांजिट हब के रूप में विकसित करने की



प्रतिबद्धता दोहराई।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांता मजूमदार, बिष्णुपुर के सांसद सौमित्र खान, हावड़ा के सांसद प्रसून बनर्जी, रेलवे अधिकारीगण और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। वर्चुअल माध्यम से पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो, विधायक सुदीप कुमार मुखर्जी तथा बांकुड़ा के विधायक नीलाद्रि शेखर दाना, सत्यनारायण मुखोपाध्याय, अमरनाथ शखा, दिवाकर घरामी और निर्मल कुमार धारा जुड़े।

श्री वैष्णव ने बताया कि यह मेमू सेवा पुरुलिया, बांकुड़ा और हावड़ा के नागरिकों के लिए तेज, सस्ती और स्वच्छ यात्रा का नया विकल्प है। यह सेवा ऐतिहासिक बांकुड़ा-दामोदर रेलवे की भावना को पुनर्जीवित करती है, जिसका शुभारंभ 1916 में हुआ था, जिसे 2005 में ब्रॉड गेज में बदला गया और 2012 में मसाग्राम तक विस्तारित किया गया। नई सेवा पुरुलिया-बांकुड़ा-मसाग्राम होते हुए हावड़ा तक 283 किमी की दूरी तय करेगी और खड़गपुर मार्ग की तुलना में 41 किमी कम दूरी के साथ 60 का सस्ती दर पर उपलब्ध होगी।

रेल मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 101 स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तेज गति से काम हो रहा है। यह केवल विकास नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे के नए स्वरूप का निर्माण है, जिसमें 50-60 साल पुराने स्टेशनों का आधुनिक कायाकल्प किया जा रहा है ताकि यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके।

## जामुड़िया में परित्यक्त खदान में कोयला खनन करते समय एक की मौत, एक लापता

❑ इलाके में तनाव के कारण भारी पुलिस बल तैनात, लापता युवक को बचाने का प्रयास जारी



**आसनसोल :** आसनसोल के जामुड़िया में शनिवार को अवैध रूप से कोयला खनन करने के दौरान दो युवक लापता हो गए। बाद में, उनमें से एक का शव बरामद किया गया। दूसरे की तलाश में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। इस घटना से ही इलाके में तनाव फैल गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गत शुक्रवार की रात चार युवक कुनुस्तरिया इलाके में नॉर्थ सियारसोल खदान क्षेत्र में कोयला खनन करने गए थे। वे अवैध रूप से कोयला निकालने के लिए कुआं खोद रहे थे। बताया जाता है कि उसी समय जहरीली गैस निकलने लगी। किसी तरह दो युवक बाहर निकलने में कामयाब रहे। लेकिन, रवि कर्मकार और संजीव बाउरी नाम के दो युवक अंदर फंस गए। वे स्थानीय हिजलगढ़ पंचायत के बारुल गांव के निवासी हैं। मामला प्रकाश में आने के बाद शनिवार की सुबह लोगों की भीड़ खदान क्षेत्र में उमड़ पड़ी। दोनों युवकों को बचाने का प्रयास शुरू किया गया। लेकिन, बताया गया कि अंदर जहरीली गैस के कारण शुरू में कोई भी अंदर नहीं जाना चाहता था। जैसे-जैसे समय बीतता गया, इलाके में विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। खबर मिलते ही जामुड़िया थाने से भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर गयी। दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुंची। बाद में, बचाव अभियान शुरू हुआ। दोपहर करीब 12 बजे संजीव बाउरी का शव बरामद किया गया। दूसरे व्यक्ति का दोपहर तक पता नहीं चल सका था। बताया जा रहा है कि कुएं में जहरीली गैस का स्तर अधिक होने के कारण बचाव अभियान में बाधा आ रही है। पूरी घटना से इलाके में तनाव फैल गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तैनात है। बरामद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सुपरटेक ईवी लिमिटेड का आईपीओ बंद, कंपनी ने जुटाए रु. 29.90 करोड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सुपरटेक ईवी लिमिटेड का पब्लिक इश्यू 27 जून 2025 को सफलतापूर्वक बंद हो गया। इस इश्यू के जरिए कंपनी ने लगभग रु. 29.90 करोड़ की पूंजी जुटाई है। कंपनी ने प्रति शेयर रु. 87 से 92 के प्राइस बैंड पर 32.49 लाख नए इक्विटी शेयर जारी किए हैं, जिनकी लिस्टिंग जल्द ही बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर की जाएगी। इस पूंजी का उपयोग कंपनी अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कुछ ऋणों के आंशिक पुनर्भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। कंपनी देशभर में 445 डिस्ट्रीब्यूटर्स के नेटवर्क और 19 राज्यों में उपस्थिति के साथ इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स और ई-रिक्शा समेत 12 मॉडलों की पेशकश कर रही है। सुपरटेक ईवी ने वित्त वर्ष 2024-25 में रु. 75.19 करोड़ का राजस्व और रु. 6.19 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया। इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर कॉर्पोरेट मेकर्स कैपिटल लिमिटेड थे।

## डोमकल में बीमार मां से मिलने जा रही बेटी की सड़क हादसे में मौत

**मुर्शिदाबाद :** अस्पताल से घर लौटी बुजुर्ग मां से मिलने जा रही बेटी की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल में हुई। मृतका की पहचान हर्षिदा बीबी (50) के रूप में की गई है। वह डोमकल के लस्करपुर इलाके की निवासी थी। पता चला है कि हर्षिदा बीबी की मां बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती थी। सर्जरी के बाद हाल ही में उन्हें वापस जलांगी स्थित अपने घर लाया गया था। इस दिन, बेटी अपनी मां को देखने के लिए लस्करपुर स्थित अपने घर से निकली थी। वह अपने बेटे तौसिफ अहमद की बाइक के पीछे सवार होकर जलांगी जा रही थी। हादसा डोमकल के भटशाला के पास डोमकल-बक्सीपुर रोड पर हुआ। किसी तरह महिला बाइक से गिर गई। हेलमेट न पहनने के कारण महिला के सिर में चोट लग गई, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। तौसीफ को जब अहसास हुआ कि मां बाइक से गिर गई है तो उसने गाड़ी रोक दी। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। महिला को जल्दी से डोमकल उपजिला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। पुलिस को भी सूचना दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## सीटा कार्यकारिणी 2025-2026 का सामूहिक भोज उत्सव का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतवर्ष की प्राचीन संस्था द कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीटा) की नव नियुक्त कार्यकारिणी के गठन के उपरांत शनिवार को सीटा सभागार में सदस्यों के साथ मिलकर एक भव्य सामूहिक भोज समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा (जीतू), उपाध्यक्ष कमल कुमार सुराणा, मानद सचिव आलोक कुमार सिंह, मानद सह सचिव अविनाश वर्मा, कोषाध्यक्ष राज कुमार बरडिया, आशीष अग्रवाल, जितेंद्र बैद, भंवरलाल बैद, धीरज सिंधी, हरेंद्र कुमार मिश्रा, हेमंत बागड़ी, मनीष गुप्ता, राजेंद्र कुमार लिंगा, मनीष चतुर्वेदी, जिनेश रामपुरिया, मनोज गुप्ता, डॉ. मुकेश सिन्हा, चंद्रेश (रोमी भाई) मेघाणी, दिलीप मारोडिया, निकुंज मुंधड़ा, विनोद कुमार सिंह, विनीत भाटिया एवं हेमंत बेगानी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सैकड़ों सदस्यों ने




सहभागिता निभाई और विभिन्न प्रकार के रुचिकर व्यंजनों का आनंद लिया। सहयोगी संस्था सीडा के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, सचिव गगनदीप मुंधड़ा, सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, सचिव सी.के. वर्धराजन, सीटा के भूतपूर्व अध्यक्ष पदम कुमार रायजादा, जी.डी. बागड़ी, सुनील सिंघी, उमा कांत अग्रवाल (बंटी), सीएमडीए के सचिव अमिताभ दशानी, समाजसेवी मनोज सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रदीप लाल, निखिल गुप्ता, दीपक गाठानी, दिलेश पटेल, मयूर सेठ, कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड एसोसिएशन्स के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सचिव सिद्धी जैन एवं शीतल दशानी ने भी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। इस आयोजन की सूचना प्रकाशन उप समिति के संयोजक अरविन्द तिवारी (बाबा) एवं मीडिया सेल के सह संयोजक द्वारा प्रेषित की गई।

## बीरभूम में तृणमूल गुटों में टकराव, उपप्रधान के घर को बनाया निशाना

**बीरभूम :** बीरभूम में तृणमूल कांग्रेस के अंदरूनी कलह लगातार जारी है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की सख्त चेतावनी के बावजूद केष्ठ समर्थक तृणमूल पंचायत उपप्रधान के घर को निशाना बनाकर बमबाजी किए जाने का आरोप सामने आया है। यह घटना बीरभूम जिले के नानूर थाने के थुपसड़ा क्षेत्र के नूतन डांगालपाड़ा गांव की है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि बम उपप्रधान के घर पर नहीं, बल्कि गांव के प्रवेश द्वार पर फेंके गए। घटना की जांच नानूर थाना पुलिस ने शुरू कर दी है।

नानूर विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण ग्राम पंचायत थुपसड़ा के उपप्रधान शेख जमारूल उर्फ जमू नूतन डांगालपाड़ा गांव के निवासी हैं। उपप्रधान का आरोप है कि, कल



रात मेरे गांव के घर को निशाना बनाकर कुछ बदमाशों ने बमबाजी की। यह लोग तृणमूल के ही एक गुट से जुड़े हैं। रात में ही पुलिस पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। मैं बेहद डरा हुआ हूं। पुलिस सख्त कार्रवाई करे। पुलिस सूत्रों के अनुसार उपप्रधान के घर को सीधे निशाना नहीं बनाया गया, बल्कि गांव के बाहर बम फेंके गए। घटनास्थल से बम विस्फोट के बाद सूतली और अन्य सामग्री बरामद की गई है। इस पूरे मामले की जांच जारी है।

## कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले को लेकर दिलीप घोष ने ममता सरकार पर बोला हमला

### कल्याण बनर्जी के बयान पर भड़के भाजपा नेता, पूछा... 'इंसानियत खत्म हो गई क्या?'

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी लॉ कॉलेज में छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। शनिवार को दिलीप घोष ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, और मौजूदा सरकार इस पर आंख मूंदे बैठी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में महिलाएं अब घर से बाहर निकलने में डर महसूस करती हैं। ममता बनर्जी को इन घटनाओं की न तो परवाह है और न ही शर्म। दिलीप घोष ने टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के



एक विवादास्पद बयान की भी आलोचना की, जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा था कि अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ रेप करता है, तो क्या किया जा सकता है? इस पर, तीखी प्रतिक्रिया देते हुए घोष ने कहा कि कल्याण बनर्जी को शर्म आनी चाहिए। वो एक वरिष्ठ नेता और वकील हैं। ऐसी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी की उम्मीद उनसे नहीं की जा सकती। उन्हें जनता को जागरूक करने का काम करना चाहिए, न कि अपराध को तर्क देने का। घोष ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के उस बयान का समर्थन किया जिसमें उन्होंने संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की वकालत की थी। घोष ने कहा कि ये शब्द संविधान की मूल प्रति में नहीं थे, इन्हें बाद में जोड़ा गया। सही समय आने पर इन्हें हटाया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए कहा कि इस पार्टी ने 50 साल पहले संविधान के साथ छेड़छाड़ की और लोकतंत्र के नाम पर नौकरशाही थोप दी।



भक्ति, परंपरा और संस्कृति का संगम - खिदिरपुर की रथ यात्रा 2025 में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु।

## भाजपा नेता सोमनाथ साहू ओडिशा में गहना चोरी करते रंगे हाथों हुए गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** ओडिशा में एक ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन चुराकर भागने की कोशिश में पश्चिम मेदिनीपुर के भाजपा नेता सोमनाथ साहू रंगे हाथ पकड़े गए। यह घटना जलेश्वर इलाके की है, जहां सोमनाथ ने सोने की चेन देखने के बहाने उसे जेब में डाल लिया और स्कॉर्पियो गाड़ी से फरार होने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया और पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तारी के बाद सोमनाथ साहू और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ उनकी तस्वीरें वायरल हो गईं, जिससे पार्टी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गौरतलब है कि सोमनाथ साहू भाजपा युवा मोर्चा के पश्चिम मेदिनीपुर जिला इकाई के पूर्व महासचिव रह चुके हैं और उनकी गिनती जिले से लेकर राज्य स्तर के बड़े नेताओं के करीबी में होती रही है। उनकी तस्वीरें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और खड़गपुर के विधायक हीरन के साथ सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सोमनाथ का पैतृक घर मेदिनीपुर के पटना बाजार इलाके में है और वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ वार्ड नंबर 1 हबीबपुर में रहते हैं। पिछली नगरपालिका चुनाव में उनकी पत्नी स्मृतिलेखा साहू ने इसी वार्ड से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। चोरी की घटना में जब्त की गई स्कॉर्पियो गाड़ी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान भाजपा नेताओं का एक दल इसी गाड़ी से यात्रा पर गया था। अब इस घटना के बाद जिला भाजपा नेता सोमनाथ से दूरी बनाने में जुट गए हैं ताकि पार्टी की छवि को और आघात न पहुंचे।

## समर्पण चिकित्सा सेवा सम्मान 2025 में 5 डॉक्टरों को किया जाएगा सम्मानित

❑ समर्पण ट्रस्ट द्वारा डाक्टर्स डे का 1 जुलाई को होगा आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** समाजसेवा, सेवा-संवेदना और सम्मान के मूल्यों को समर्पित समर्पण ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष भी समर्पण चिकित्सा सेवा सम्मान 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष आयोजन 1 जुलाई 2025 को डॉ. विधानचंद्र राय जयंती के अवसर पर पार्क व्यू सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साल्टलेक के हाल में आयोजित होगा। समर्पण ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश बजाज ने विज्ञप्ति जारी कर इस आशय की जानकारी दी है। विज्ञप्ति के अनुसार इस गरिमामय समारोह में चिकित्सा क्षेत्र के विभिन्न विशेषज्ञताओं से जुड़े 5 प्रतिष्ठित डॉक्टरों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा। यह सम्मान केवल चिकित्सकीय कुशलता का नहीं, बल्कि सेवा और संवेदना के उन मूल्यों का प्रतीक होगा, जो हर सच्चे चिकित्सक को समाज का पथप्रदर्शक बनाते हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया है, जिसका विषय है - बदलते समाज में डॉक्टर और रोगी के बीच विश्वास की नई परिभाषा। इस विचारोत्तेजक सेमिनार की अध्यक्षता करेंगे भारत के प्रख्यात बेरियाट्रिक सर्जन डॉ. वी.के. भरतिया। यह मंच विचार-विमर्श के माध्यम से आधुनिक चिकित्सा पद्धति में मानवीय मूल्यों और नैतिकता की भूमिका को रेखांकित करेगा।




समर्पण ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रदीप ढेडिया ने बताया है कि ट्रस्ट का यह वार्षिक आयोजन, चिकित्सा जगत के उन मूक कर्मयोगियों को ससम्मान सामने लाने का प्रयास है, जो केवल रोग नहीं मिटाते, बल्कि संवेदनाओं से जीवन को स्पर्श करते हैं।

विमल बैंगानी ने बताया कि ट्रस्ट शिक्षा, स्वास्थ्य, अध्यात्म तथा भाषाई उत्थान को सतत समर्पित है। डाक्टर्स इस धरती पर ईश्वर के स्वरूप होते हैं। डाक्टर्स डे के मौके पर उनका सम्मान कर महान चिकित्सक डा. विधानचंद्र राय के प्रति यह एक विनम्र श्रद्धांजलि है। ट्रस्ट इस प्रकार के लगातार आयोजन कर रहा है और आगामी दिनों में इस प्रकार के और आयोजन किए जायेंगे। संवाददाता सम्मेलन में अरुण कंदोई, अमन ढेडिया समेत संस्था के कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गोयनका दादी मंदिर स्थापना दिवस व रथयात्रा महोत्सव भक्ति व उल्लास के साथ संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोयनका दादी मंदिर कोलकाता धाम में श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति के तत्वावधान में मंदिर स्थापना दिवस एवं रथयात्रा महोत्सव का आयोजन भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गोयनका कुल देवी श्री श्री बीरां बरजी दादी का आम एवं जूही के फूलों से विशेष रूप से अद्भुत श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण में श्री सज्जन गोयनका एवं मंजू गोयनका द्वारा दादी की ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

महोत्सव में भक्तों ने दादी को गजरा, चुनरी आदि अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। दादी को छप्पन भोग, सवामनी, फल, मीठा पान सहित विविध व्यंजन अर्पित किए गए। भजन संध्या में गायक कमल गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), प्रियंका गुप्ता और रिया शर्मा ने अपने मधुर भजनों से भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। मंदिर की रसोई में तैयार दादी का प्रसाद सभी भक्तों ने हर्षपूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर गोविंद राम गोयनका, बिनोद गोयनका, राम स्वरूप गोयनका, ईश्वर प्रसाद गोयनका, राजेश गोयनका (अलीपुर), पवन गोयनका (लॉर्ड्स)-अध्यक्ष, सुभाष चंद्र गोयनका-सचिव, कमल गोयनका-कोषाध्यक्ष, अशोक गोयनका (पूर्ती), पवन गोयनका (पंचवटी), राम रतन गोयनका, प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, प्रदीप गोयनका (पंचवटी), विजय गोयनका,



पवन गोयनका (सोनू), श्रवण गोयनका, शिव रतन गोयनका, विपुल गोयनका, बिमल गोयनका, पवन गोयनका (काकुरगाछी), पंकज गोयनका, शोभा गोयनका, मंजू गोयनका, कुसुम गोयनका, हेमा गोयनका, प्रभा गोयनका, मंजू गोयनका, आशा गोयनका, रेनू गोयनका, शीला गोयनका, अंजू गोयनका, शिखा गोयनका, रुपा गोयनका, सुशीला गोयनका, आदि की उपस्थित उल्लेखनीय रही। इसके अतिरिक्त गोयनका परिवार एवं मारवाड़ी समाज के विशिष्ट अतिथिगण तथा स्थानीय अधिकारियों की उपस्थिति से यह आयोजन अत्यंत उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। यह जानकारी श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति के प्रधान सचिव सुभाष चंद्र गोयनका ने दी।

## कालीगंज में बम धमाके में नाबालिग की मौत मामले में दो मुख्य आरोपित समेत चार गिरफ्तार

### मामले मे अब तक नौं आरोपित गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कालीगंज में हुए बम विस्फोट में एक लड़की की मौत के मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपितों समेत चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात छापेमारी के दौरान रहीबुल शेख और नवाब शेख को मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य को पूर्व बर्दवान जिले के कटवा से गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या नौ हो गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कालीगंज विस्फोट मामले में इन लोगों के नाम प्राथमिकी में दर्ज हैं। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। अधिकारी ने बताया कि चारों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें दंगा, जानबूझकर चोट पहुंचाना और गैर इरादतन हत्या आदि शामिल हैं। मालूम हो कि कालीगंज सीट पर उपचुनाव के नतीजे की घोषणा के दिन मोलंडी गांव में शुरू हुई तृणमूल कांग्रेस की विजय रैली से कथित तौर पर फेंके गए बमों में विस्फोट होने से 23 जून की दोपहर को 13 वर्षीय तमन्ना खातून की मौत हो गई थी। इस मामले में संलिप्तता के आरोप में पुलिस ने इलाके से पांच लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया था।

## कोलकाता में आज मारवाड़ी सम्मेलन का भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह, 400 से अधिक मेधावी होंगे सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में रविवार, 29 जून को कोलकाता के महाजाति सदन में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में मारवाड़ी समाज के 400 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन के महासचिव पंकज भालोटिया ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे होगा। उन्होंने कहा कि यह समारोह न केवल मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का माध्यम है, बल्कि समाज के प्रति सम्मेलन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। सम्मेलन पिछले कई वर्षों से इस तरह के आयोजनों के



जरिये समाज में शिक्षा और संस्कार को बढ़ावा देने का कार्य करता आ रहा है।

पंकज भालोटिया ने यह भी बताया कि सम्मेलन वर्ष भर विविध सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करता है, जिनके माध्यम से समाज की एकता और संस्कृति को सुदृढ़ किया जाता है। यह संस्था अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन से संबद्ध है और मारवाड़ी समाज की पहचान को मजबूत करने में सतत योगदान दे रही है। संवाददाता सम्मेलन में विक्रम गोयल, बिमल बेंगानी, शैलेश जिंदल, सोनू जैन, संजय जैन और अरुण कंदोई सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## सत्संग भवन में रथयात्रा उत्सव



**कोलकाता :** सत्संग भवन में रथयात्रा उत्सव में भगवान जगन्नाथ के रथ की परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु भक्तों ने आस्था, भक्ति भावना से पूजा - अर्चना की। निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज के सानिध्य में रथयात्रा उत्सव में सत्संग भवन के ट्रस्टी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, शकुन्तला तिवारी, सत्यनारायण भट्टड़, मुकेश शर्मा, प्रदीप आसोपा ने श्रद्धालु भक्तों का स्वागत किया। भागवताचार्य प्रभाकर कृष्ण महाराज, युवाचार्य आकाश शर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी, पंडित लालजी मिश्रा, मंगल भारती, डॉ. रविशंकर मिश्रा, समाजसेवी सुरेश कौशल, कुलदीप दीक्षित, शशिकांत मिश्रा, अशोक शुक्ला, बिमल बाजपेई, राजन तिवारी, सज्जन वर्मा, राजू शर्मा, अशोक तिवारी, अभय पाण्डेय एवम श्रद्धालु रथयात्रा में भाव विभोर हो गए।

## राष्ट्रीय सीए छात्र सम्मेलन 2025 का कोलकाता में उत्साहपूर्ण शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस्टर्न इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन (ईआईसीएएसए) और आईसीएआई की पूर्व भारत रीजनल काउंसिल (ईआईआरसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सीए छात्रों का राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 शनिवार को कोलकाता के न्यू टाउन स्थित विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में उत्साह और प्रेरणा के माहौल में शुरू हुआ। सम्मेलन का विषय आरआरआर रिटर्न्स - रीस्किल, रिजॉल्व, रीजॉयस रखा गया है, जो दो दिन तक चलेगा। इस उद्घाटन समारोह में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार, इमामी लिमिटेड के उपाध्यक्ष और एमडी हर्षवर्धन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके साथ ईआईआरसी अध्यक्ष सीए विष्णु के. तुलस्यान, ईआईसीएएसए अध्यक्ष और ईआईआरसी उपाध्यक्ष सीए मयूर अग्रवाल, आईसीएआई परिषद सदस्य सीए रवि कुमार पटवा और केंट आरओ सिस्टम के अध्यक्ष डॉ. महेश गुप्ता मंच




पर मौजूद थे।

डॉ. मजूमदार ने कहा कि शिक्षा समाज के लिए विशेषाधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है और इससे राष्ट्र की दिशा बदल सकती है। हर्षवर्धन अग्रवाल ने विरासत और आधुनिकता के संतुलन पर बल देते हुए कहा कि विरासत हमारी नींव है, लेकिन आधुनिकता भविष्य है। डॉ. महेश गुप्ता ने छात्रों को अपने जुनून का ईमानदारी से पालन करने की सलाह दी। सम्मेलन का विशेष आकर्षण पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का ऑनलाइन संबोधन रहा, जिसमें उन्होंने छात्रों से नैतिकता और साहस के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

ईआईआरसी के अध्यक्ष सीए विष्णु ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पहलगांव हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। ईआईसीएएसए के अध्यक्ष और ईआईआरसी के उपाध्यक्ष सीए मयूर अग्रवाल ने आयोजन में लगे सभी युवाओं के प्रयासों की सराहना की। इस सम्मेलन में 4,500 से अधिक छात्र भाग ले रहे हैं।

# छह महीने के बेटे की हत्या कर शव सेप्टिक टैंक में फेंका, आरोपी मां गिरफ्तार

**❑ कल्याणी में घटी खौफनाक वारदात**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कल्याणी में एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मां पर अपने छह माह के मासूम बेटे की गला दबाकर हत्या करने और शव को निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में फेंकने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी मां को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम रूपा घोष है। यह अत्याचार क्यों? इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।



पता चला है कि रूपा घोष कल्याणी थाना अंतर्गत सगुना तेलिगाछा की निवासी है। उसके पति का नाम सोमनाथ घोष है। वह पेशे से पानी का व्यापारी है। रूपा ने करीब तीन साल पहले सोमनाथ से शादी की थी। महिला की यह दूसरी शादी है। हालांकि, यह शादी भी बहुत खुशहाल नहीं थी। दंपत्ति के बीच अक्सर अशांति रहती थी। इसी बीच, शुक्रवार की रात मां रूपा ने अचानक सभी को बताया कि उसका बेटा घर से चोरी हो गया है। फिर, खोजबीन शुरू की गई। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने रूपा से पूछताछ की तो उनके मन में शक पैदा हुआ। गृहिणी पर दवाब डालते ही असली घटना सामने आई। पुलिस का दावा है कि रूपा ने दबाव में आकर हत्या की बात कबूल कर ली। फिर, उससे मिली जानकारी के आधार पर बच्चे का शव बरामद किया गया। रात में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन हत्या क्यों की गई? जांचकर्ताओं का कहना है कि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है।

# रथयात्रा पर दीघा स्थित जगन्नाथ मंदिर में तीन लाख श्रद्धालु पहुंचे

**❑ इस्कॉन का दावा, मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के बाद से अब तक 33 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आ चुके**

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को रथयात्रा और उससे एक दिन पहले लगभग तीन लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने शनिवार को यह जानकारी दी। दास ने कहा कि उल्टा रथ (वापसी रथ यात्रा) तक, यानी चार जुलाई तक, प्रतिदिन औसतन 70 हजार से एक लाख श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने की संभावना है। दास ने कहा कि नेत्र-ोत्सव के दो दिन मंदिर परिसर में



कुल मिलाकर तीन लाख श्रद्धालु पहुंचे। दास से जब आने वाले सप्ताह में अनुमानित श्रद्धालुओं की संख्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम हर दिन औसतन 70 हजार से एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रुक-रुक कर लगातार हो रही बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। इस समय सभी धार्मिक अनुष्ठान उस अस्थायी मंदिर में किए जा रहे हैं, जिसे भगवान का मौसी का घर माना जाता है। यह स्थान मुख्य मंदिर से लगभग 750 मीटर की दूरी पर स्थित है। दास ने बताया कि 30 अप्रैल को मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के बाद से अब तक लगभग 33 लाख श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आ चुके हैं। दीघा शंकरपुर विकास प्राधिकरण (डीएसडीए) के एक अधिकारी ने कहा कि समुद्र किनारे स्थित यह रिसॉर्ट शहर अब बंगाल में एक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में भी विकसित हो चुका है। हमें उम्मीद है कि अगले वर्ष यहां श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक होगी।

## राज्य में अराजकता की स्थिति : अधीर रंजन

**मुर्शिदाबाद :** कोलकाता के लॉ कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर पूर्व कांग्रेस सांसद व वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में प्रशासनिक नियंत्रण शिथिल हो चुका है और राज्य लगभग अराजकता की स्थिति में पहुंच चुका है। चौधरी ने कहा कि यह घटना यह दर्शाती है कि बंगाल में कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। वर्तमान हालातों में ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में अराजकता का माहौल बन गया है, जिसका परिणाम है कि एक छात्रा से लॉ कॉलेज के छात्रावास में सामूहिक दुष्कर्म जैसी अमानवीय वारदात हो जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले के आरोपीत सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हैं और उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। ऐसे घृणित अपराधों के लिए जिस प्रकार का दुस्साहस, हिम्मत और निरंकुशता चाहिए, वह केवल उन्हीं लोगों में देखी जाती है जिन्हें सत्ता का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन प्राप्त हो। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार ऐसे अपराधियों को संरक्षण देकर सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रही है। इस प्रकार के अपराध राज्य सरकार द्वारा संरक्षित तत्वों की उपज हैं, जिससे राज्य में लगातार आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और अर्जुन मेघवाल ने उद्यमी सम्मेलन- 2025 का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहित करने और व्यापार सुगमता को बढ़ाने के उद्देश्य से 'उद्यमी सम्मेलन 2025' का उद्घाटन शनिवार को कोलकाता स्थित राष्ट्रीय पुस्तकालय में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने संयुक्त रूप से किया। ह आयोजन 'लघु उद्योग भारती' द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें पूर्वी भारत के नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों, कानूनी विशेषज्ञों और उद्यमियों ने भाग लिया। इस मौके पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए रेल प्रणाली का सशक्त होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने रेलवे बजट को आम बजट में



मिलाकर संसाधनों का बेहतर आवंटन सुनिश्चित किया है। पहले रेल बजट का आकार मात्र 24-25 हजार करोड़ के बीच होता था, जो अब बढ़कर 2.5 लाख करोड़ पहुंच गया है। बीते 11 वर्षों में देश में लगभग 35 हजार किलोमीटर नई रेल पटरियों का विस्तार हुआ है, जबकि वर्ष 2023-24 में अकेले 5300 किलोमीटर ट्रैक जोड़ा गया। हर साल रेलवे में लगभग 1400 इंजन और 35 हजार वैगन जोड़े जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में रेल विकास पर मंत्री ने कहा कि न्यू जलपाईगुड़ी-कोलकाता रेल कॉरिडोर को विश्व स्तरीय बनाया जाएगा। इसके लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा चुका है, जिसमें नई रेल लाइनों, गति शक्ति कार्गो टर्मिनल्स जैसी योजन-ाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के 'चिकन नेक' क्षेत्र में फिलहाल केवल दो लाइनें हैं, जिन्हें जल्द ही चार लाइनों में बदला जाएगा। सिवोक-सिलीगुड़ी-न्यू माल जंक्शन को भी मुख्य कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली सरकार के समय पश्चिम बंगाल के लिए रेल बजट तीन हजार करोड़ था, जिसे वर्तमान सरकार ने बढ़ाकर 14 हजार करोड़ कर दिया है। उन्होंने इसे राज्य के आर्थिक विकास के लिए बड़ा निवेश बताया।

**❑ एआई और न्यायिक सुधारों पर बोले अर्जुन मेघवाल**

कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि दुनिया अब उद्योग 4.0 के युग में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भाप इंजन, बिजली और कंप्यूटर की खोज के समकक्ष क्रांति ला सकती है। उन्होंने एआई को अवसर और चुनौती दोनों बताया। उन्होंने कहा कि सरकार 1961 के सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम को सरल और यथासमय बनाने की दिशा में काम कर रही है, ताकि डिजिटल होती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा किया जा सके। इसके साथ ही मेघवाल ने यह भी आश्वासन दिया कि उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक स्थायी सर्किट बेंच की मांग को केंद्र सरकार प्राथमिकता दे रही है।

### लेनोवो ने कोलकाता में पहला हाइब्रिड एक्सपीरियंस स्टोर किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** लेनोवो ने पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ करते हुए कोलकाता में अपना पहला हाइब्रिड एक्सपीरियंस स्टोर लॉन्च किया है। इस स्टोर में खासतौर पर एक समर्पित गेमिंग जोन बनाया गया है, जहां ग्राहक लेनोवो की नवीनतम गेमिंग तकनीक का अनुभव कर सकते हैं। पटना में भी इसी तरह का स्टोर खोला गया है। भुवनेश्वर, धनबाद, रायपुर और रांची में नए स्टोर ग्राहकों को इंटरैक्टिव डिस्प्ले, उत्पाद डेमो और तकनीकी सहायता के साथ एक अनूठा अनुभव देंगे। इस विस्तार के साथ पूर्वी भारत में लेनोवो के स्टोरों की संख्या 55 से अधिक हो गई है। लेनोवो ने अपने स्टोर्स में एलओक्यू, लीजन, योगा ऑरा एडिशन, थिंकपैड ऑरा एडिशन और अन्य डिवाइसों की रेंज पेश की है। नॉर्थ-ईस्ट कंज्यूमर बिजनेस के सेल्स हेड राघवेंद्र अरवीती ने कहा कि ये स्टोर केवल रिटेल नहीं, बल्कि तकनीक से जुड़े अनुभव का केंद्र हैं।

## पोलेरहाट में सड़क से अज्ञात युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के पोलेरहाट थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। क्या चोर होने के संदेह में उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई? यह सवाल उठ खड़ा हुआ है। पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि इस दिन, सुबह में दक्षिण 24 परगना के न्यूटाउन से सटे धर्मतला के पाचुरिया इलाके में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। शव को सबसे पहले स्थानीय निवासियों ने देखा। इसकी सूचना पोलेरहाट थाने को दी गई। पुलिस ने जाकर शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के पास एक साइकिल और कई सामान पड़े मिले है। पुलिस ने पहले माना कि वे युवक के हैं। उन्हें भी बरामद कर लिया गया है। लेकिन युवक की मौत कैसे हुई? पता चला है कि इलाके में काफी समय से चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इसी वजह से स्थानीय लोगों में गुस्सा है। तो क्या अज्ञात युवक को रात में जाते देख चोर होने के संदेह में उसकी पिटाई की गई? क्या युवक की मौत भीड़ द्वारा पीट-पीटकर की गई? यह सवाल उठ रहा है।

बताया गया है कि स्थानीय लोगों को इस मामले के बारे में कुछ भी पता नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांचकर्ताओं ने बताया कि वे इलाके से सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उसकी जांच करेंगे। मृतक की पहचान करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## रथयात्रा के अवसर पर पूअर ह्यूमन ट्रस्ट ने निभाई सेवा की अनूठी मिसाल




**हावड़ा, समाज्ञा :** रथयात्रा के पावन अवसर पर कदमतला (बेलिलियस रोड) में पूअर ह्यूमन ट्रस्ट की ओर से समाजसेवा की मिसाल पेश की गई। ट्रस्ट के सदस्यों ने अपने हाथों से तैयार किए पापड़ और जलेबी श्रद्धालुओं और राहगीरों को वितरित किए। इस सेवा कार्यक्रम के तहत 1200 से अधिक लोगों को पापड़, जलेबी और टाटा ग्लूकोज प्रदान किया गया, जिससे गर्मी और उमस से राहत मिल सके। पूअर ह्यूमन ट्रस्ट के सदस्यों ने स्वयं पूरे वितरण कार्यक्रम का संचालन किया और रथयात्रा के अवसर पर लोगों की सेवा कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पाथरप्रतिमा में भीषण सड़क हादसा, तीन की मौत व एक गंभीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के पाथरप्रतिमा थाना अंतर्गत अर्जुन मोड़ इलाके में शनिवार को सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान सुब्रत मंडल (24), दीपंकर मंडल (19) और मुस्ताकिन (32) के रूप में हुई है। जबकि, गंभीर रूप से घायल युवक का नाम संजय मंडल (19) बताया गया है, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। सभी युवक उत्तर 24 परगना के बसीरहाट थाना अंतर्गत राघवपुर इलाके के निवासी थे। वे पाथरप्रतिमा में एक ठेकेदार के यहां गहरे हैंडपंप के कार्य में लगे हुए थे। पता चला है कि गत शुक्रवार की रात काम खत्म करने के बाद, वे रथ मेला देखने के लिए मोटरसाइकिल से निकले थे।



लौटते समय यह हादसा हुआ। तड़के से ही पाथरप्रतिमा में भारी बारिश हो रही थी।

इसी दौरान रामगंगा ग्राम पंचायत के अर्जुन मोड़ इलाके में उनकी बाइक फिसल गई और नियंत्रण खोकर सड़क किनारे बने नाले में गिर गई। बाइक पर सवार चारों युवक उछलकर सड़क पर और नाले में जा गिरे। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तीन युवकों को मृत पाया गया, जबकि संजय मंडल को गंभीर हालत में तुरंत गदामथुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उसे डायमंड हार्बर रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

## कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले के विरोध में भाजपा ने अर्ध नग्न हालत में किया विरोध प्रदर्शन

**हुगली, समाज्ञा :** कोलकाता के कसबा इलाके में लॉ कॉलेज की एक छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना के खिलाफ प्रदेश भर में आक्रोश का माहौल है। लोग नारी सुरक्षा की मांग कर रहे है। अभिभावक अपनी बेटियों को कॉलेज भेजने में अब डर रहे है। इस जघन्य घटना के खिलाफ शनिवार को हुगली जिले में जगह जगह प्रदर्शन हुआ। चूंचूड़ा के रविन्द्रनगर शनि मंदिर के सामने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के समर्थकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए आरोपियों को फांसी देने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य में महिलाएं असुरक्षित हैं और राज्य सरकार अपराधियों को बचा रही है। बीरभूम



में तृणमूल नेता ने थाना अधिकारी को गाली दी थी और उनके घर की महिलाओं को भी अपमानित किया था। बीजेपी नेता सुरेश साव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अर्ध नग्न हालत में सड़क पर लेटकर अनोखे अंदाज़ में विरोध दर्ज कराया। इस प्रदर्शन में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। इस दौरान पुरुष पुलिस कर्मियों द्वारा खींचतान में एक महिला कार्यकर्ता घायल हो गई, जिसे तत्काल चूंचूड़ा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीजेपी की ओर से कहा गया कि जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिलता और दोषियों को फांसी नहीं दी जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पार्टी ने लोगों से इस संघर्ष में साथ देने की अपील की।

## हावड़ा में अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में संपन्न हुई एएसआईएससी आंचलिक चित्रांकन प्रतियोगिता

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ स्थित अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में एएसआईएससी आंचलिक चित्रांकन प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन अग्रसेन ऑडिटोरियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में तीन वर्गों-सब जूनियर, जूनियर और सीनियर में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए चित्रांकन विषय काउंसिल की ओर से ई-मेल के माध्यम से तत्काल प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

इस प्रतियोगिता में अंचल 13 के कुल 11 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। भाग लेने वाले प्रमुख विद्यालयों में अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन, अग्रसेन बॉयज स्कूल, एमसीकेवी विद्यापीठ, सनराइज इंग्लिश मीडियम स्कूल, रत्नाकर नॉर्थ प्वाइंट स्कूल, आईपी मेमोरियल स्कूल, सेंट पॉल एजुकेशन इंस्टीट्यूट,



आइडियल पब्लिक स्कूल और भारत एकेडमी एंड साइंस स्कूल शामिल थे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में रविंद्र भारती विश्वविद्यालय से सागनिक सामंत, रजत शुभ्र हलदर और विराज कुमार पाल उपस्थित रहे। सभी निर्णायकों और अतिथि अध्यापकों को मंच पर उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक प्रदान किए गए।

परिणामों में सब जूनियर वर्ग में अग्रसेन बॉयज स्कूल प्रथम, एमसीकेवी विद्यापीठ द्वितीय और सनराइज इंग्लिश मीडियम स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। जूनियर वर्ग में आइडियल पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आईपी मेमोरियल स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग में भारत एकेडमी एंड साइंस स्कूल ने प्रथम और अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### मोंट्रा इलेक्ट्रिक ने बारासात में नई तिपहिया डीलरशिप के साथ बंगाल में रखा कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुरुगप्पा ग्रुप के क्लीन मोबिलिटी ब्रांड मोंट्रा इलेक्ट्रिक ने पश्चिम बंगाल में अपनी पहली तिपहिया वाहन डीलरशिप की शुरुआत की, जिससे कंपनी ने पूर्वी भारत में अपने विस्तार की नई शुरुआत की है। बारासात-बैरकपुर रोड पर स्थित यह शोरूम सेलाडेल मोटर्स के सहयोग से खोला गया है, जहां ग्राहकों को बिक्री, सेवा और स्पेयर पार्ट्स की संपूर्ण सुविधा उपलब्ध होगी। उद्घाटन कार्यक्रम में टी क्लीन मोबिलिटी के एमडी जलज गुप्ता, सेलाडेल मोटर्स के एमडी केशव हिमात्सिंगका और मोंट्रा इलेक्ट्रिक लास्ट माइल मोबिलिटी के बिजनेस हेड रॉय कुरियन उपस्थित थे। गुप्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल मोंट्रा के लिए एक प्रमुख बाजार है और कंपनी का लक्ष्य यहां की आर्थिक वृद्धि और ईवी नीतियों का लाभ उठाकर खुद को अग्रणी ईवी ब्रांड बनाना है। रॉय कुरियन और केशव हिमात्सिंगका ने ईवी जागरूकता और अंतिम मील कनेक्टिविटी के क्षेत्र में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

**आवश्यकता**

**सेल्समैन और हेल्पर की आवश्यकता, जिन्हें साड़ी सुट और ड्रेस मटेरियल की जानकारी हो। अच्छी सेलेरी** Age Limit- 45 years- 9836991752

## नदिया में करीब छह करोड़ की हेरोइन के साथ दो कुख्यात गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के तेहट्टा के पलाशीपाड़ा थाने की पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन बरामद किया है। बरामद हेरोइन का बाजार मूल्य करीब छह करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस घटना में दो युवकों को भी गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के नाम सिराजुल शेख और अब्दुल्ला शेख हैं। वे बड़नलदह के निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत शुक्रवार की रात जांचकर्ताओं को गुप्त सूत्रों से मादक पदार्थ तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद, पलाशीपाड़ा पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी शुरू की। देर रात पोतारपाड़ा बस स्टैंड इलाके में दो युवक संदिग्ध रूप से खड़े देखा गया। जांचकर्ता वहां गए और दोनों युवकों से पूछताछ शुरू की। दोनों युवकों की बातों में कई विरोधाभास देखने को मिले। उनके पास दो प्ला-




स्टिक बैग थे। उनकी तलाशी लेने पर हेरोइन बरामद हुई। बिना देर किए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांचकर्ताओं ने बताया कि बरामद हेरोइन की मात्रा 7.509 किलो है और बाजार मूल्य करीब 6 करोड़ रुपये है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि इस नशीले पदार्थ को किसी को तस्करी कर पहुंचाने की योजना थी। इसीलिए वे देर रात बस स्टैंड पर खड़े थे। गिरफ्तार लोगों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ की जाएगी। वे जांच कर रहे हैं कि तस्करी के गिरोह में कौन-कौन शामिल है।

## नतून बाजार जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्तर कोलकाता के नूतन बाजार स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी नूतन बाजार मंदिर ट्रस्ट की ओर से विधिवत मंत्रोच्चार व आरती के साथ भगवान जगन्नाथ के साथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली गयी। राज्य की मंत्री व विधायक डॉ शशि पांजा ने रथ को मासी बाड़ी (गिरीश पार्क) तक पहुंचाया। इसके पूर्व समाजसेवी सुशील ओझा ने अपनी धर्मपत्नी प्रेमलता ओझा के साथ मंदिर में स्थापित भगवान परशुराम की मूर्ति की पूजा अर्चना की। प्रारंभ में पूजन सुरेंद्र अग्रवाल और अंजू अग्रवाल ने विधिवत अर्चना कर रथपूजा की शुरूआत की। प्रभु के मार्ग में राजा व रानी बने गिरीश सोती व सलोनी सोती ने झाड़ू लगाकर अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विधायक विवेक गुप्त, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद मीना



देवी पुरोहित, पार्षद रोबिन चटर्जी, पार्षद राजेश सिन्हा, पार्षद विजय ओझा, राधेश्याम अग्रवाल, जगमोहन बागला, गोविंदराम अग्रवाल, महावीर बजाज, अभ्यूदय दुगड़, निर्मल सराफ, महावीर रावत, महेश भुवालका, अमित गुप्ता, चांद रतन लखानी, पवन गुप्ता, जोड़ाबागान थाने के प्रभारी अर्णव राय चौधरी, सह प्रभारी कमल सोरेन, जोड़ाबागान ट्रैफिक गार्ड के ओसी सत्यदल भट्टाचार्या, किशन गोस्वामी, अभिषेक कौशिक, राजकुमार व्यास, सुरेश पोद्दार, के डी अग्रवाल, लोकप्रिय गायक सत्यनारायण तिवाड़ी, स्वयं प्रकाश पुरोहित, श्रीकृष्ण तुलस्यान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अतिथियों का सम्मान समारोह के संयोजक मनोज सिंह पराशर ने किया। नूतन बाजार मंदिर ट्रस्ट की ओर से रथयात्रा नूतन बाजार, गणेश टॉकीज, मालापाड़ा, कलाकार स्ट्रीट, महात्मा गांधी रोड, बड़तल्ला, बांसतल्ला होते हुए गिरीश पार्क स्थित मासी बाड़ी पहुंची। भगवान जगन्नाथ के दर्शन और रथ की रस्सी खींचने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्नेह कुमार, संजय सोनकर, देवेंद्र गुप्ता, सचिन सोनकर, मुन्ना गुप्ता, दिलीप सोनकर, तारक दे, सुरेश केसरी, आकाश सोनकर, बापी प्रकाश हालदार, लक्ष्मण सोनकर, शंकर पाल, अरविन्द अदक, अतीश अग्रवाल, सनी सिंह एवं ट्रस्ट के सभी कार्यकर्ताओं का सक्रिय यो-गदान रहा। कार्यक्रम समापन के बाद मंदिर में महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: एलपीएमईडीएचडब्ल्यूएच25, दिनांक: 26.06.2025।** सीएमएस, हावड़ा, ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल, 222 बिप्लबी हरेन घोष सरणी, जिला-हावड़ा, पिन-711101 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा का शीर्षक:** दो वर्षों की अवधि के लिए ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल, पूर्व रेलवे, हावड़ा में दवाइयों (जेनेरिक, ब्राण्डेड एवं ऑन्कोलॉजी से सम्बंधित), सर्जिकल मदों तथा उपभोग योग्य वस्तुएं की स्थानीय खरीद हेतु दर अनुबंध। **बयाना राशि (आईएनआर):** ₹1,51,400। **निविदा दस्तावेज की कीमत (आईएनआर):** ₹ 0। **अनुबंध का प्रकार:** माल। **मूल्यांकन के मानदंड:** मद वार। **निविदा खंड:** चिकित्सा। **निरीक्षण एजेंसी:** कन्साइनी। **मद श्रेणी:** साधारण। **अनुमोदित स्रोतों से प्राप्ति:** नहीं। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 21.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन। **टेम्पलेट:** सामान्य। **अनुबंध की श्रेणी:** व्यय। **निविदा का प्रकार:** खुली स्वदेशी। **प्रकाशन की तारीख/समय:** 26.06.2025 को दोपहर 1.31 बजे। वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध हैं: **www.ireps.gov.in**। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।

(MED-01/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# काली बंगा, राजस्थान

## हमारी अनजानी धरोहर 74



डॉ. एस. के. सैनी

कालीबंगा राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में पीलीबंगा तहसील के अंतर्गत घग्गर नदी के किनारे एक छोटा सा शांत कस्बा है। किसी को यह पता भी नहीं था कि यह शांत कस्बा अपने भूगर्भ में लगभग 4 हजार वर्ष पुरानी सिंधु घाटी की सभ्यता को समाए हुए है।

राय बहादुर दया राम साहनी ने 1920 में हरप्पा सभ्यता की खोज की थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के सर्वेयर अमलानंद घोष ने 1953 में इस स्थल की खोज की थी और यहां पर दबे हुए सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमाणों को खोज निकाला था।

इस विराट सभ्यता स्थल से एक तत्कालीन सभ्यता के प्रमाण मिले हैं जिनमें काले और लाल रंग के मृदभांड और यज्ञ की वेदी तथा काले रंग की चूड़ियां भी मिली है जो उसे समय की सभ्यता की जीवंत प्रमाण है। यही वह जगह है जहां सबसे पहले मनुष्य ने हल लगाकर के खेती की शुरुआत की थी। समीप में पीलीबंगा जो तहसील मुख्यालय है वहीं पर इस कालीबंगा के उतखेनित आर्टीफैक्ट्स का एक संग्रहालय बना करके आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया ने स्थापित किया है।

कालीबंगा स्थल में उत्खनन का कार्य 1960 से 1970 के बीच चला रहा यह स्थल दो कर्म से विश्व में प्रसिद्ध है एक तो यहां पर हल लगाकर के सबसे पहले मनुष्य ने खेती करना शुरू किया था और दूसरा यहां पर यज्ञ की वेदी मिली थी जो इस बात का प्रमाण थी कि आर्य



लोग यज्ञ किया करते थे और प्रकृति के पूजक थे।

घग्गर नदी एक मौसमी नदी है और यह अक्सर गर्मियों में सूख जाया करती हैं किसी समय इसमें आज के 4 हजार वर्ष पहले पानी रहा होगा। क्योंकि जो भी प्राचीन सभ्यताएं थी अधिकतर नदियों के किनारे फली फूली बाद में नदियों द्वारा मार्ग परिवर्तन से या बाढ़ आने से वे सभ्यताएं नष्ट हो गई। 29 00 ईसा पूर्व कालीबंगा एक व्यवस्थित शहर था इस बात के प्रमाण पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को मिले हैं यहां खुदाई में जो कक्ष, जो ईमारतों के खंडहर, अवशेष मिले हैं और जो चबूतरे, बरामदे और चौड़े रोड मिले हैं उनसे ज्ञात होता है कि एक व्यवस्थित शहर था।

आज जब हम उत्खनन साइट का भ्रमण करते हैं तो अपने आप में यह सोचकर रोमांचित हो जाते हैं की कभी यहां पर हमारे पूर्वज आज के 4 हजार वर्ष पहले रहा करते थे।

कालीबंगा में नियोजित नगर योजना में समकोण पर काटती हुई सड़के और नालियां मिली है जो उसकी विशिष्ट योजनाबद्ध नगरीय सभ्यता होने का प्रमाण देता है।

# शरारती चूहे और शेरू की सीख



डॉ.मंजरी शुक्ला

गोलू और भोलू दो बहुत ही शरारती चूहे थे। उन्हें दूसरों को चिढ़ाने में बड़ा मज़ा आता था। लेकिन उनके दिल में बहुत दया थी, और जब भी किसी को मदद की ज़रूरत होती, वे सबसे पहले पहुँचते। अपनी इस अच्छाई के कारण जंगल के सभी जानवर उन्हें पसंद करते थे-सिवाय शेरू शेर के।

शेरू जंगल का राजा था और उसे अपने रुतबे पर बहुत घमंड था। एक दिन गोलू और भोलू ने शेरू से उसकी पीठ पर सवारी करने की इच्छा जताई, लेकिन शेरू ने साफ़ मना कर दिया। उसे यह मंज़ूर नहीं था कि दो छोटे-से चूहे उसकी पीठ पर चढ़ें।

शेरू के इस घमंड से नाराज़ होकर, गोलू और भोलू ने उसे सबक सिखाने की ठानी। एक दिन वे चुपचाप शेरू के घर पहुँचे और उसकी पसंदीदा कोट खोज निकाली-जिसे वह हमेशा पहनता था। दोनों ने एक-दूसरे को देखा, शरारती मुस्कान दी और फुर्ती से कोट की दोनों जेबों में घुस गए। वहाँ उन्होंने जेबों की सिलाई कुतर दी और चुपचाप भाग निकले।

कुछ दिन बाद, शेरू किराने की दुकान पर गया। उसने कुछ टॉफ़ियाँ और गुब्बारे खरीदे और हमेशा की तरह उन्हें अपनी कोट की जेबों में डाल लिया। जैसे ही वह बाहर निकला, सारी चीज़ें ज़मीन पर गिर गईं। हैरान होकर जब उसने जेबों में हाथ डाला, तो उसके हाथ कोट के दूसरी तरफ़ से निकल आए!



दुकान में मौजूद सभी जानवर ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगे। शेरू शर्म से पानी-पानी हो गया और तुरंत वहाँ से निकल गया। वह समझ गया कि ऐसा कोई और नहीं कर सकता-ज़रूर यह गोलू और भोलू की ही शरारत है।

शेरू बहुत गुस्से में था और उसने सोच लिया कि अब वह उन्हें सबक सिखाएगा। एक दिन वह नदी के पास टहल रहा था, तभी उसने देखा कि गोलू और भोलू एक पेड़ के चारों ओर छुपन-छुपाई खेल रहे हैं। वह चुपचाप उनके पास गया और झपट्टा मारकर दोनों को अपने मुँह में पकड़ लिया। अब बेचारे चूहे डर से काँपने लगे।

डरे हुए गोलू ने कहा, कृपया हमें छोड़ दो। हम ये जंगल हमेशा के लिए छोड़ देंगे।

अभी शेरू कुछ बोल ही रहा था कि तभी अचानक गोलियों की आवाज़ आई। अब डरने की बारी शेरू की थी। वह काँपने लगा और उसके चेहरे से पसीने की बूँदें टपकने लगीं।

भोलू बोला, अगर आप हमें छोड़ दें, तो हम आपकी जान शिकारी से बचा सकते हैं!

डरे हुए शेरू ने तुरंत उन्हें छोड़ दिया। गोलू और भोलू शिकारी की ओर दौड़े और उसकी टाँगों में काटा। वे उसके पूरे शरीर पर इधर-उधर दौड़ने लगे। शिकारी दर्द से चिल्लाने लगा और बिना कुछ देखे भाग खड़ा हुआ।

जैसे ही शिकारी भागा, दोनों चूहे वापस शेरू के सामने आए और हाथ जोड़कर बोले। शेरू हँस पड़ा और बोला, अरे अब देर मत करना, आओ मेरी पीठ पर सवारी करो!

गोलू और भोलू खुशी से उछल पड़े और शेरू की पीठ पर चढ़ गए। अब तीनों अच्छे दोस्त बन गए। गोलू और भोलू ने फिर कभी किसी को तंग नहीं किया और वे सभी जंगल में खुशी-खुशी रहने लगे।

# मैं ब्रह्मांड हूँ



त्रिलोक नाथ पांडेय

घना अंधेरा था।

कोई नाम नहीं था, कोई रूप नहीं था - बस एक अनुभव था - 'मैं हूँ'।

कक्षा का कोना था, जहाँ एक बालक बैठा था - अपनी हथेलियों में सिर छुपाए, मौन और अनसुना। नाम था उसका विवेक- पर उसका मन बहुत कुछ जानता था, जिसे वह बोल नहीं सकता था।

शिक्षक ने पूछा, विवेक, तुम क्या बनना चाहते हो बड़े होकर?

विवेक ने सिर उठाया, आँखों में सागर था।

सर, मैं ब्रह्मांड बनना चाहता हूँ।

सब हँस पड़े।

पर एक आवाज़ आई- पीछे से- अरे! तुम पहले मनुष्य तो बन जाओ

और तभी विवेक ने धीरे से कहा, इंसान तो मैं जन्म से हूँ, ब्रह्मांड मुझे बनना है- ताकि मैं हर उस जीवन में समा सकूं, जो खुद को तन्हा समझता है।

साल बीते। विवेक बड़ा हुआ - पर उसका सवाल नहीं बदला।

वह अंतरिक्ष विज्ञान पढ़ा, ध्यान लगाया, शास्त्रों में गोता लगाया और कविताएं लिखीं।

पर सबसे बड़ा ज्ञान उसे मिला एक वृद्ध से, जो हिमालय की तलहटी में एक टूटी कुटिया में रहता था।

विवेक ने पूछा- क्या ब्रह्मांड कोई चीज़ है, जिसे पाया जा सकता है?

वृद्ध मुस्कराया-

ब्रह्मांड कोई वस्तु नहीं वो तुम्हारे भीतर की पहचान है।

जब तुम सीमित पहचान से मुक्त हो जाते हो -



नाम, जाति, धर्म, डिग्री, अहंकार- सब छूट जाता है,

तो बचता है केवल 'होना'

और वहीं से ब्रह्मांड बोलता है।एक दिन तुम जान जाओगे कि तुम बस इस पृथ्वी पर रहने वाला प्राणी नहीं हो- बल्कि स्वयं पृथ्वी, आकाश, तारे और समय के पार का गीत हो।

एक रात विवेक ने ध्यान में जाते हुए देखा-

वो तिनका भी था, जो नदी में बहता है,

वो चाँद भी था, जो धरती को निहारता है,

वो माँ की कोख भी था, वो अंतिम श्वास भी।

वो सिर्फ एक व्यक्ति नहीं था-

वो खुद 'जीवन' था।

और तभी उसका नाम बदल गया।

अब लोग उसे कहते हैं - ब्रह्मांड

पर वे नहीं जानते - ये नाम नहीं, एक चेतना है।

वह जहाँ जाता है, विचारों के बीज बो देता है।

बच्चों की आँखों में नक्षत्र जगाता है।

शब्दों में इतनी ऊर्जा भर देता है कि वो किसी की नींद नहीं- आत्मा जगा देते हैं।

जब कोई पूछता है- आप क्या करते हैं?

तो वो मुस्कराकर कहता है-

मैं कोई काम नहीं करता, मैं बस हर दिन 'स्वयं को रचता हूँ।'

कभी एक अध्यापक बनकर,

कभी एक लेखक बनकर,

कभी मौन रहकर।


क्योंकि मैं कोई एक व्यक्ति नहीं - मैं ब्रह्मांड हूँ- जो कहानी बनकर चला आया है।

यदि आप भी अपनी सीमाओं से परे जाकर सोचने लगें,

तो समझिए

आप भी सिर्फ जीवन नहीं, स्वयं जीवन हैं।

# 'मेकअप' जो बनाए आपको दिलकश



सोनी मल्होत्रा

मेकअप करना एक ऐसी कला है जिसमें आपका ब्रश चित्राकार की तरह चलता रहता है और जब यह ब्रश रूकता है तो एक खूबसूरत चेहरा आपके सामने होता है जिसे देख कभी-कभी आप भी यह सोचने लगती हैं कि आप इतनी खूबसूरत हैं।

जिस तरह चित्राकार ब्रश का सही प्रयोग जानता है, उसी प्रकार एक सौंदर्य विशेषज्ञा भी मेकअप की इस कला को जानती है पर ऐसा नहीं कि आप सही मेकअप नहीं कर सकती। आप भी इस कला में पारंगत हो सकती हैं। बस जरूरत है इसकी जानकारी व अभ्यास की। आइए जानते हैं इस कला की बारीकियों को।

- मेकअप करने से पूर्व सबसे जरूरी है सही प्रकाश। दिन के मेकअप के लिए आप नेचुरल लाइट का प्रयोग करें। सफेद लाइट भी आपके मेकअप के लिए सही है। अगर आप रात्रि में मेकअप कर रही हैं तो पीले प्रकाश का प्रयोग न करें क्योंकि इस प्रकाश में अगर आप ज्यादा मेकअप कर लेंगी तो भी आपको सही ज्ञान नहीं होगा। हल्का नीला प्रकाश रात्रि के मेकअप के लिए उत्तम है। सही प्रकाश आपको आपका सही मेकअप दिखाएगा। अब जानते हैं दिन में मेकअप कैसा होना चाहिए।
- फाउंडेशन एक आवश्यक सौंदर्य प्रसाधन है। फाउंडेशन के शेड का चयन करते वक्त ध्यान रखें कि वह आपकी त्वचा से मेल खाता हो। न तो गाढ़ा हो और न ही त्वचा के रंग से हल्का। कांपेक्ट पाउडर भी त्वचा के रंग से मेल खाता हो।
- अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप संतुलित व नेचुरल लगे तो मेकअप से पूर्व आप चेहरे से आयल या क्रीम अच्छी तरह साफ कर लें। बर्फ के एक टुकड़े से चेहरे को रगड़ लें।
- सर्वप्रथम चेहरे पर फांउडेशन लगाएं। फाउंडेशन हमेशा एकसार लगाना चाहिए। चेहरे के साथ-साथ गर्दन पर भी फांडेशन अवश्य लगाएं नहीं तो चेहरे व गर्दन की त्वचा भिन्न लगेगी।
- फाउंडेशन के पश्चात ब्रश से चेहरे पर कांपेक्ट पाउडर लगाएं। ब्रश से कांपेक्ट एकसार लगेगा। ब्रश को नीचे की ओर चलाएं न कि ऊपर की ओर नहीं तो त्वचा पर रेखाएं उभरेंगी। गर्दन पर भी कांपेक्ट लगाएं।
- आई ब्रो को बहुत हल्की ब्रशिंग की आवश्यकता होती है और आईब्रो पर हमेशा वहां के बालों के रंग का शेड ही लगाएं।
- ब्लशर का प्रयोग आप पर निर्भर है। आप लगाना चाहें तो लगाएं। इसके प्रयोग से आपकी 'चीकबोन' लाइन उभरी नजर आती है। ब्लशर के लिए आप अपनी पसंद के रंग का चयन करें। ब्लशर गालों पर लगाते हुए कानों की दिशा में ले जाएं। ब्लशर बहुत गहरा नहीं लगाएं, हल्का सा ब्रश चलाएं।
- चेहरे के मेकअप में सबसे आकर्षक होती हैं आँखें और आँखों के मेकअप के बिना चेहरे का मेकअप फीका दिखता है। आई-शेडो के लिए आप एक ही शेड के तीन शेडों का प्रयोग करें। आई लिड पर सबसे हल्का शेड लगाएं। बीच में मध्यम शेड और आइब्रो के सबसे करीब गाढ़ा शेड। इसके पश्चात् इन्हें हल्का-हल्का उंगली की टिप से मिला लें।
- आई लाइनर आँखों को आकर्षक बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। आई-लाइनर लगाते वक्त सबसे ज्यादा ध्यान यह रखना चाहिए कि यह पलकों या आई लेशीज के बिल्कुल साथ लगा हो। आई-लाइनर छोटी आंखों को भी बड़ा दिखाता है। आई-लाइनर बाजार में बहुत से रंगों में उपलब्ध है पर नेचुरल मेकअप के लिये काले या भूरे रंग का ही प्रयोग करें।
- अब आँखों पर मस्कारे का प्रयोग करें। मस्कारा आपकी आई-लेशीज को सुन्दर बनाता है। मस्कारा लगाते वक्त ब्रश को नीचे से ऊपर की ओर चलाएं। इसे सूखने दें व फिर आई लेशीज कॉम्ब से आई लेशीज के बालों को अलग कर लें।
- आंखों के पश्चात् ध्यान दें होंठों पर। सबसे पहले लाइनर की सहायता से होंठों को आउट-लाइन दें। आउटलाइन के लिए लिपस्टिक से गहरा शेड प्रयोग में लाएं। अब इस आउटलाइन के भीतर ब्रश की सहायता से लिपस्टिक लगाएं और फिर इस पर लिपग्लॉस फेर लें ताकि आपके होंठों की चमक कायम रहे। (उर्वशी)

# गर्मी से अपने पौधों को बचाएं

अजय कुमार झा

पूरी दुनिया में धीरे धीरे धीरे बढ़ती जंग और उनमें , धरती की छाती पर और पूरे वायुमंडल में दिन रात जहर घोलते बम बारूद , तेल , पेट्रोल , गैस , धुआँ , कचरा जो नास पीट रहा है वो अलग। ऐसे में फिर यदि मार्च के अंतिम सप्ताह में सबको जून वाली तपिश और भयंकर लू के एहसास का नजारा देखने को मिल रहा है तो हैरानी भी आखिरकार क्यों हो?

इसका सीधा असर सबसे पहले धरती की वनस्पति पर ही पड़ना शुरू होता है। आसपास , सब्जियों , फलों और साग पात के आसमान छूते भाव से इसका अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। ऐसे में , इन शहरों और कस्बों में रह रहे हम जैसे लोग जो , गमलों में मिटटी डाल कर कभी छत तो कभी बालकनी में साग सब्जियों, फूलों, पत्तों को उगाने लगाने का जूनून पाले हैं उनके लिए कोई भी मौसम अपने चरम पर पहुँचते ही उनके पौधों के लिए दुरूह हो उठता है।

चलिए गर्मियों में बात करते हैं - पौधों को गर्मियों और तेज धूप से बचाने की। मैं आपके साथ वो साझा करूँगा जो मैं करता हूँ।

### गमलों का स्थान बदलना

कम धूप वाली जगह पर गर्मियों के आते ही मेरा सबसे पहला काम होता है, गमलों को पूरे दिन तेज धूप पड़ने वाले स्थान से हटा कर कम धूप वाले स्थानों पर रखना। यदि ये संभव नहीं हो तो फिर कोशिश ये रहती है कि सभी गमलों को या कहा जाए की पौधों की जड़ों को आसपास बिलकुल चिपका चिपका कर रखा जाए। गर्मियों में अधिक वाष्पीकरण होने के कारण गमलों की मिट्टी सूखने लगती है



जबकि एक साथ रखने पर जड़ों में नमी काफी समय तक बनी रहती है। मैं बड़े पौधों की जड़ों में छोटे छोटे पौधे रख देता हूँ।

जड़ों में सूखे पत्ते , सूखी घास आदि रखना: गर्मियों में , पौधों की जड़ों और मिट्टी में नमी बनाए रखना , इसके लिए उपलब्ध बहुत सारे उपायों में से एक सरल और कारगर उपाय यह होता है। पौधे के सूखे पत्तों ,घास को अच्छी तरह से तह बना कर पौधे की जड़ में मिटटी के ऊपर बिछा दें। ये गीले पत्ते जड़ों की नमी को बहुत समय तक बनाए रखेंगे।

### पानी ज्यादा देना:

गर्मियों में अन्य जीवों की तरह वनस्पति को पानी की अधिक जरूरत पड़ती है। विशेषकर गमलों में तो और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। पानी कितना कब ,कितनी बार देना ये सब पौधे, मिटटी , स्थान पर की जा रही बागवानी पर निर्भर करता है। मैं कई बार दिन में चार बार और रात को सोने से पहले भी पौधों को पानी देता हूँ। किसी भी , खाद , दवाई , देखभाल से अधिक जरूरी और कारगर पौधों को नियमित पानी देना होता है। गर्मियों में तो ये अनिवार्य हो जाता है।

### हरी शीट जाल आदि से ढकना :

यदि पौधों के ऊपर तेज तीखी धूप पूरे दिन पड़ती है तो निश्चित रूप से साग , धनिया ,पुदीना के अतिरिक्त नरम स्वभाव वाले सभी फूल पौधों के लिए मुश्किल बात है। इससे पौधों को बचाने के लिए या धूप की जलन को कम या नियंत्रित करने के लिए ,हरी शीट , जाल, त्रिपाल का प्रयोग किया जा सकता है। मेरे बगीचे में दोनों ही हैं।

### ड्रिपिंग प्रणाली का प्रयोग करना:

शीतल पेय पदार्थ तथा पानी की बोतलों को गमलों में पौधों की जड़ के पास फिक्स करके ड्रापिंग प्रणाली वाली तकनीक से भी जड़ों में पानी और नमी को बचाए रखने में अचूक उपाय साबित होता है। बोतल में छिद्र के सहारे , धीरे धीरे जड़ो में रिसता पानी , पौधों को हर समय तरोताजा बनाए रखता है।

गर्मियों में खाद, दवा आदि के प्रयोग से यथा संभव बचना चाहिए और सिर्फ और सिर्फ घर के बने खाद को ही जड़ों में डाला जाना चाहिए।

जड़ों के साथ साथ , पत्तों टहनियों और पौधे के शीर्ष पर भी पानी का छिड़काव करना चाहिए , किन्तु कलियों फूलों पर पानी डालते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

# पति को भी सिखाएं ये सब

नरेंद्र देवांगन

त्वचा की देखभाल महिलाओं से जुड़ी चीज मानी जाती है वैसे पुरूष भी इन दिनों अपनी त्वचा को ले कर संवेदनशील दिखाई देते हैं। वे भी अच्छी क्रीम और मॉश्चराइजर का इस्तेमाल करने लगे हैं लेकिन केवल इतना ही काफी नहीं है। अगर आप अपने हमसफर को भी त्वचा की देखभाल करना सिखाएंगी तो उनकी त्वचा भी दमकती हुई दिखाई देगी।

**सस्ते रेजर से दूरी:** अपने हमसफर को चेहरे पर कभी सस्ता रेजर इस्तेमाल न करने दें। इनसे न केवल चेहरे पर कट लग सकता है, बल्कि त्वचा, बालों की जड़ों को नुकसान पहुंचने से गड्ढे भी पड़ सकते हैं। एक अच्छा रेजर त्वचा की अच्छा लुक बरकरार रखने में मदद करेगा। वैसे भी शेविंग के दौरान चेहरे पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ता है, जो त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में ध्यान न देना, इस नुकसान को बढ़ावा दे सकता है।

**उनकी जरूरत के प्रोडक्ट्स:** इन दिनों पुरूषों के भी स्किनकेयर प्रोडक्ट्स की बाढ़ सी आ गई है। एक पुरूष को चार प्रोडक्ट्स की जरूरत होती है। त्वचा के लिए क्लींजर जो रोजाना की धूल और पसीने को हटाता है। उन्हें एंजाइम्स और लेक्टिक एसिड से भरपूर एक एक्सफोलिएटर भी हफ्ते में दो दिन इस्तेमाल करना चाहिए। यह रूखी और मुरझाई त्वचा में जान डालता है। इसी तरह से एक हल्का मॉश्चराइजर त्वचा की सेहत बनाए रखता है और एजिंग से लड़ता है। चौथा प्रोडक्ट सनस्क्रीन है जो सूर्य की हानिकारक किरणों के प्रभाव को कम करती है।

**उनका व्यायाम करना जरूरी है:** पुरूष कई बार अपनी त्वचा की साफ-सफाई इसलिए भी नहीं करते क्योंकि उन्हें काम स्त्रियोचित लगता है। ऐसे में आप उन्हें व्यायाम करने के लिए प्रेरित करें। व्यायाम करते समय शरीर से गर्मी और पसीना बाहर निकलता है। पसीने में मौजूद नमक रोमछिद्रों की सफाई करता है और त्वचा से मृत कोशिकाएं



हटाता है। इससे नई कोशिकाओं को बढ़ावा मिलता है। व्यायाम के बाद नहाने से सारी गंदगी हट जाती है।

**बहुत गर्म पानी से न नहाने दें:** चूंकि ज्यादातर पुरूषों की लंबाई ज्यादा होती है, इसलिए नहाते समय उनका चेहरा शॉवर हेड के काफी पास होता है। बहुत ज्यादा गर्म पानी सीधे उनके चेहरे पर पड़ता है जो त्वचा को काफी नुकसान करता है। यह चेहरे का सारा तेल तुरंत हटा देता है और उसे रूखा कर देता है।

**हर वक्त चेहरा धोना गलत:** पुरूष अपना चेहरा महिलाओं की तुलना में अपेक्षाकृत बार-बार धोते हैं। इससे उनकी त्वचा से प्राकृतिक तेल निकल जाता है। इससे त्वचा में धब्बे पड़ सकते हैं और त्वचा संबंधी कई बीमारियां हो सकती हैं। बार-बार धोने के बाद मॉश्चराइजर लगाने से भी कुछ खास फायदा नहीं होगा। आप उन्हें चेहरा बार-बार धोने से बचने के लिए कहें।

**दाढ़ी नहीं है कवर:** कुछ पुरूष यह सोचते हैं कि दाढ़ी रखने से त्वचा काली नहीं होती, ब्लैक हेड्स नहीं होते और न ही त्वचा रूखी होती है लेकिन आप उनकी यह गलतफहमी दूर करें। इसलिए अगर वे दाढ़ी रखते हैं तो उसकी सफाई भी नियमित करें वरना उनसे क्लीन शेव रहने को कहें। (उर्वशी)


# उम्र देख कर ही प्यार करें

आशीष दशोत्तर 'अंकुर'

प्यार एक ऐसी अनुभूति है जो समान उम्र वालों में अधिक होती है। किशोरावस्था के नाजुक दौर में प्यार होना स्वाभाविक समझा जा सकता है लेकिन यदि कोई चालीस वर्ष का अधेड़ व्यक्ति बीस वर्ष की लड़की को भगा ले जाए या उससे प्यार की बात करे तो वह नाटक ही लगता है।

ऐसी स्थिति में लड़की की उम्र ऐसी होती है जिसमें सभी प्यारे लगने लगते हैं। इस उम्र में लड़की को इस बात का आभास नहीं होता कि वह जिसके प्रति आकर्षित हो रही है, वह उसके अनुकूल है भी या नहीं। इस दौर में कोई उसे सही सलाह देना चाहता है तो उसे बहुत बुरा लगता है।

दूसरी ओर वह युवक जो लड़की को प्रेमजाल में फांस चुका होता है, प्यार का सिर्फ नाटक ही करता है क्योंकि वह उस बात को जानता है कि सामने वाली लड़की उम्र में मुझसे बहुत छोटी है।



हालांकि यह बात सही है कि प्यार उम्र, जाति, समाज के बंधन को नहीं मानता, लेकिन इस तरह का मेल प्यार न होकर प्यार का नाटक ही लगता है। वैसे भी पुरूष की यह प्रवृत्ति ही रहती है कि उसकी उम्र कितनी भी हो लेकिन उसका मेल किसी युवा लड़की से ही होना चाहिए।

ऐसी बातें अक्सर उन घरों में होती है, जिन घरों में माता-पिता अपनी जवान लड़कियों पर पाबन्दियों के पहरे लगा कर रखते हैं। उन्हें कहीं बाहर निकलने नहीं देते। घरवालों की इन ज्यादतियों से तंग आ कर लड़की उस व्यक्ति से प्यार करने लगती है जो अक्सर उसके घर आता जाता हो, अब चाहे वह उसके पिता का दोस्त हो अथवा बड़े भाई का मित्रा।

इस तरह के अशोभनीय मेल को रोकने के लिए सबसे पहला कदम यही होना चाहिए कि किशोरावस्था के नाजुक दौर में कभी भी लड़की या लड़के पर पाबंदियों का पहरा नहीं बिठाना चाहिए। इस उम्र में बच्चों पर ध्यान अवश्य देना चाहिए लेकिन उन्हें उनकी इच्छानुसार जीने देना चाहिए। यदि वे कोई गलती करते है तो उन्हें एक मित्रा की तरह अच्छे बुरे का फर्क कराना चाहिए।

यदि जवानी में बच्चों पर दबाव डाला गया तो वे विद्रोह भी कर सकते हैं। अधिक उम्र अंतर के प्रेम और घर से भागने वाले किस्से भी इन्हीं कारणों से होते हैं, अतः इस तरह के प्रेम के नाटक का अन्त होना चाहिए।

लड़कियों को भी ऐसे अधेड़ उम्र के व्यक्ति से प्यार करने से पहले यह सोचना चाहिए कि वे जिससे प्यार कर रही हैं वह उसके लायक है भी या नहीं। इस तरह के प्यार के परिणाम अभी तो मालूम नहीं पड़ते, लेकिन कुछ वर्ष गुजरने पर यही उम्र का अंतर खलने लगता है। जब कभी अपने पति के साथ घर से निकलने का काम पड़ता है, आपको बूढ़े पति के साथ निकलने में शर्म का आभास होने लगता है।

प्यार करने में कोई बुराई नहीं है लेकिन ऐसे अनसोचे और अशोभनीय प्यार करने में जरूर बुराई है। इस तरह का प्यार करने से पहले एक बार सोच अवश्य लें कि आपका प्यार उचित है या नहीं। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर: ढाबा स्टाइल नान-कुलचा




भारतीय घरों में संडे का मतलब होता है, आराम करना और तरह-तरह के पकवान बनाना। तो यदि आप भी इस इतवार को खास बनाना चाहते हैं तो फिर तैयार करें कुलचा या नान से साथ अपनी पसंददा सब्जी।

लोग कठिन से कठिन सब्जी को तैयार कर लेते हैं लेकिन उनसे घर पर एकदम ढाबा स्टाइल नान और कुलचा नहीं बनता। क्योंकि हर किसी के घर में तंदूर हो ये जरूरी तो नहीं है। इसी के चलते हम आपको बताएंगे कि आप कैसे घर पर ढाबा स्टाइल नान और कुलचा तैयार करें। खासबात ये है कि इसे बनाने के लिए आपको तंदूर की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### नान और कुलचा बनाने का सामान

इन दोनों ही चीजों को बनाने के लिए आपको समान चीजों की जरूरत पड़ती है।

मैदा - 2 कप

दही - ट कप

बेकिंग पाउडर - 1 छोटा चम्मच

बेकिंग सोडा - ञ छोटा चम्मच

नमक - स्वादानुसार

चीनी - 1 छोटा चम्मच

तेल - 2 चम्मच

गुनगुना दूध - मैदा गूंथने के लिए

### पहले जानें नान बनाने की विधि

पहले नान बना लेते हैं, क्योंकि इसमें कुछ भरा नहीं होता, जबकि कुलचा बनाने के लिए उसकी स्टफिंग भी तैयार करनी पड़ेगी। तो नान बनाने के लिए सबसे पहले नरम मैदा गूंथनी है। इसके लिए एक बड़ी सी परात या कटोरे में मैदा निकाल लें। इसके बाद इसमें तेल, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा, नमक, चीनी डालकर मिक्स करें।

जब मैदा में सभी सामान मिल जाए तो दही डालकर इसे गूंथ लें। इसे इतना मल लें, कि ये हाथ में पकड़ आने लगे। इसके बाद धीरे-धीरे दूध डालते हुए मैदा पूरी तरह से गूंथ लें। ये ज्यादा टाइट नहीं होनी चाहिए। अब इसे सेट होने के लिए ढककर रख दें

तकरीबन एक घंटे के बाद इससे लोई लेकर थोड़ा बेलें फिर ऊपर से धनिया पत्ती चिपका दें और पूरा बेल लें। इस साइड में हल्का सा पानी लगाकर इसे गर्म तवे पर चिपका दें। अब पहले तवे को सीधा रखकर इसे सेकें, इसके बाद तवे को पकड़कर पलट दें और फिर दूसरी तरफ से सेक लें। जब ये सिक जाए तो तवे से हटाकर इसपर बटर लगाएं और परोसें।

### कुलचा बनाने की स्टफिंग

पनीर या उबला आलू

बारीक प्याज - 1

हरी मिर्च

धनिया

नमक

चाट मसाला

अमचूर

### कुलचा बनाने की विधि

स्टफ्ड कुलचा बनाने के लिए सबसे पहले तो इसकी स्टफिंग तैयार करें। इसके लिए आलू या पनीर को मैश करके उसमें सभी मसाले मिक्स करें। मसालों को मिक्स करने के बाद गुंथी हुई मैदा की लोई लेकर उसमें स्टफिंग भरें। स्टफिंग को भरने के बाद इसे भी बेल लें और तवे पर वैसे ही सेकें, जैसे नान को सेका था। बस कुलचा भी तैयार है। अब इसे पनीर या छोले के साथ परोसें

# मंधाना का पहला टी20 शतक, भारत ने इंग्लैंड को 97 रन से हराया



**नॉटिंघम :** कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना (112 रन) के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक और डेब्यू कर रहीं श्री चरणी (12 रन देकर 4 विकेट) की घातक गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में 97 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली।भारत ने 210/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का सर्वोच्च टी20 स्कोर है। जवाब में इंग्लैंड की टीम 113 रन पर सिमट गई। नैट साइवर ब्रंट ने 66 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज विफल रहीं।मंधाना हर फॉर्मेट में शतक लगाने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने 62 गेंद में 15 चौके और 3 छक्कों की मदद से शतक जड़ा। श्री चरणी के अलावा दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने भी दो-दो विकेट लिए।हरमनप्रीत कौर सिर की चोट के चलते इस मैच से बाहर रहीं।

## जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप ड्रॉ में भारत पूल बी में पाकिस्तान के साथ

**लुसाने (स्विट्जरलैंड) :** मेजबान भारत को शनिवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के पूल बी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है जिसका आयोजन इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ समारोह यहां एफआईएच मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस चरण में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी। पूल ए में जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और आयरलैंड जबकि पूल सी में अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान और चीन शामिल हैं। पूल डी में स्पेन, बेल्जियम, मिस्र और नामीबिया जबकि पूल ई में नीदरलैंड, मलेशिया, इंग्लैंड और ऑस्ट्रिया शामिल हैं।

## भारत ने मलेशिया को हराकर एशियाई स्नूकर में टीम स्वर्ण पदक जीता




**कोलंबो :** कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

## कोलकाता टाइगर्स महिला बंगाल प्रो टी20 लीग में दूसरी बार चैंपियन बनीं



**कोलकाता :** कप्तान मीता पॉल के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से 'लक्स श्याम कोलकाता टाइगर्स' ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित मैच में डकवर्थ लुइस पद्धति के आधार पर 'सोबिस्को स्मैशर्स मालदा' को 16 रन से हराकर महिला बंगाल प्रो टी20 लीग का अपना दूसरा खिताब जीता। प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाली मीतर ने बल्ले से 51 रन का योगदान देने के बाद गेंदबाजी में कमाल करते हुए 12 रन देकर दो विकेट चटकाये। गत चैंपियन कोलकाता टाइगर्स की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मीता की अर्धशतकीय पारी के बावजूद 19.5 ओवर में 104 रन पर आउट हो गयी। मालदा के लिए जेनी प्रवीण ने सात रन देकर तीन विकेट चटकाये। अरुण बर्मन को दो जबकि रिया महतो और झुमिया खातुन को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए 'सोबिस्को स्मैशर्स मालदा' की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 5.2 ओवर में 22 रन पर चार विकेट गंवा दिया था। बारिश के कारण इसके आगे का खेल संभव नहीं हुआ। डकवर्थ लुइस पद्धति से टीम इस समय कोलकाता टाइगर्स से 16 रन पीछे थी। कोलकाता की टीम के लिए मीता के अलावा प्रतिवा मांडी ने 10 रन देकर दो विकेट लिये।

## भारतीय महिला टीम का एफआईएच प्रो लीग में खराब प्रदर्शन जारी, चीन से 0-3 से हारी

**बर्लिन :** भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम लगातार सातवीं हार के बाद टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर से बाहर होने की कगार पर है। इस हार के बाद भारत 15 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ-टीमों की तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।इंग्लैंड 14 मैचों में 11 अंकों के साथ भारत से एक पायदान ऊपर है। चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलायी। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। चीन के खिलाड़ियों जल्द ही सामंजस्य कायम करते हुए अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने सजगता दिखाते हुए गोल नहीं करने दिया। अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव किये जिसमें 13वें मिनट में गुओटिंग हाओ के रिवर्स हिट को रोकना भी शामिल था। पहले क्वार्टर के कुछ सेकंड शेष रहते चीन को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे पुश को रोक नहीं पाए।

SAC SHREE AGRASAIN COLLEGE
Gateway of Success...
Affiliated to University of Calcutta
4 Yr/ 3 Yr Degree Courses offered (under CCF) (Self Financed)
Morning Shift (Girls only)
B.A. (Hons.) English, History, Hindi
(General) Education, Geography, Pol. Sc., English, History, Hindi
B.Com.
Day Shift (Co - Ed.)
B.Com. (Hons.) (General)
B.B.A. (Hons.)
B.Sc. (Hons.) Computer science, Computer Application
DIRECT ADMISSION 2025-26
Through College Portal



Fully AC
- Scholarships for meritorious and needy students
- Outdoor games (Cricket, Football, Badminton, Volleyball)
- Career Oriented Add-On Courses
- Placement Assistance
- National Level Seminars, Workshops

Student friendly College
*Of all the memories you make here, some you remember, some you forget. At the end, you get a new perception of life and build a solid foundation for the future.*
-M. P. Shroff, Chairman

Direct Admission through College Portal
www.shreeagrasaincollege.net
For enquiry contact helpdesk
5/2A Height Road, Liluah How 711204
(Near Liluah Railway Station)
Follow Us
9804774641, 9830307369, 03326554916/17

संस्कृति, संस्कार एवं सामाजिक एकता– मारवाड़ी समाज की पहचान
पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन
(अन्तर्गत – अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन)
पश्चिम बंगाल सोसाइटी अधिनियम, 1961 के तहत पंजीकृत, 1961 /1/22423
39ए, जोड़ापुकुर स्क्वायर लेन (गिरीश पार्क के पीछे) कोलकाता-6
स्थापित 1935



प्रतिभा सम्मान समारोह 2025
मारवाड़ी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन समारोह
उद्घाटनकर्ता: श्री राजेश सोंथालिया
रविवार, 29 जून, 2025
स्थान: महाजाति सदन, कोलकाता | समय: प्रातः 9:30 से अपराह्न 12:30 तक

संरक्षक
बालव्यास श्रीकांत जी शर्मा, भागवताचार्य
श्री भगवती प्रसाद गोपालिका, आईएएस, पूर्व मुख्य सचिव, प.बं.
श्री महेश शर्मा, पार्षद, कोलकाता
श्री मनोज कुमार केडिया, आईआरएस, जीएसटी
श्री नितिन सिंघानिया, आईएएस
श्री प्रियाव्रत राय, आईपीएस
डॉ राजेश कुमार, आईपीएस
श्री संतोष सराफ, आईपीपी, एआईएमएफ
श्री शशिकांत पुजारी, आईपीएस
श्री शिव कुमार लोहिया, अध्यक्ष, एआईएमएफ
श्रीमती श्वेता शर्मा, निदेशक, चार्नक अस्पताल

सम्माननीय अतिथि
श्री अमन बंका, श्री निर्मल सराफ
श्री अशोक काजरिया, श्री ओम जालान
डॉ अविनाश गुप्ता, स्काउट गाइड, श्री पवन गोयनका
श्री बृज मोहन गाड़ोदिया, श्री पवन जालान
श्री कैलाशपति तोदी, श्री पवन पाटोदिया
श्री ललित प्रह्लादका, श्री प्रदीप लुहारीवाला
श्रीमती ममता बिनानी, श्रीमती रूपल तोषनीवाल
श्री नरेश जालान, श्री संदीप गर्ग
डॉ नवनीत कौर, सीए सुभाष अग्रवाल
श्री निरंजन अग्रवाल, श्री सुशील पोद्दार

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की शाखाएं
दक्षिण कोलकाता: राजेश खेतान, संजय कुमार चिरानिया
रानीगंज: ओम प्रकाश बाजोरिया, बिमल कुमार अग्रवाल
मालदा: प्रबीन कुमार बांठिया, चन्द्र कुमार बिहानी
जलपाईगुड़ी: प्रदीप कुमार सितानी, दिलीप साह
रिसड़ा: प्रमोद कुमार अग्रवाल, पवन जैन
आसनसोल: नरेश कुमार अग्रवाल, अनिल मोहनका
रायगंज: शुभकरण संड, जय प्रकाश अग्रवाल
कर्सियांग: राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, रमेश कुमार मित्तल (अग्रवाल)
बर्दवान: जगदीश प्रसाद झंवर, सुभाष पोद्दार
बांकुड़ा: नरेंद्र कुमार शर्मा, मनोज बाजोरिया
सिलीगुड़ी: डॉ. आर.के. अग्रवाल, अरुण कंदोई
दार्जिलिंग: बृज मोहन गर्ग, हिमांशु गर्ग
दुर्गापुर: नारायण सिकरिया, राजेश कुमार अग्रवाल
पुरुलिया: राम लाल टांटिया
मयनागुड़ी: हनुमान कल्याणी, सुनील खोरिया
अलीपुरद्वार: मुरारी लाल अग्रवाल, माणिक चंद बोथरा

अध्यक्ष: नन्दकिशोर अग्रवाल
महासचिव: पंकज भालोटिया
कोषाध्यक्ष: अभिषेक शरद डोकानिया
संयुक्त सचिव: शैलेश जिंदल | बसंत गाध्यान
उपाध्यक्ष: बिश्वनाथ भुवालका | दिनेश सराफ | मनोज गुप्ता | बिमल बेंगानी | दीनदयाल धनानिया
संयुक्त कोषाध्यक्ष: रूपक कुमार केडिया
संयोजक: मनीष बजाज

कार्यकारिणी समिति सदस्य
श्री सुरेश गुप्ता, बिनोद कुमार लिहाला, सुभाष चंदा गोयनका, उमेश कुमार खंडेलवाल, विक्रम गोयल (पोस्ता), रमेश बंका, सोनू जैन, सीए गणेश अग्रवाल, लक्ष्मण अग्रवाल, संजय जैन, चंदन मंडावेवाला, संजय रूंगटा, रोहित बागरिया, अभिषेक सरावगी

सौजन्य: Medical Partner Charnock HOSPITALS | PPP GROUP | Fashion Partner SANSKRITII MENS ETHNICWEAR Dulhe ke sath barati ko bhi taiyar karte hai | Grocery Partner GHARANA | Food Partner NEU nasta | Event Managed by anand

वर्ष 10, पूर्णांक 3281 अंक 091, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in